INS ACCREDITED
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28


Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-202 | सांध्य दैनिक | मथुरा, बुधवार, 16 सितंबर 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

# जनगणना की तैयारी तेज, 40 सवालों से जुटेगा आंकड़ा

## मथुरा में दिसंबर से शुरू होगी जनसंख्या गणना, अगले माह कार्मिकों का प्रशिक्षण

## नाम-पता से लेकर जाति शिक्षा, रोजगार और बैंक खातों तक की जानकारी जुटाई जाएगी



**यूनिक समय, मथुरा।** जनगणना-2027 के दूसरे चरण, यानी जनसंख्या गणना की तैयारियां मथुरा में शुरू हो गई हैं। एडीएम वित्त डा. पंकज कुमार वर्मा ने अधिकारियों और कार्मिकों को जनगणना कार्य गंभीरता और जिम्मेदारी से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उनके अनुसार, कार्मिकों का प्रशिक्षण अक्टूबर में कराया जाएगा। जनसंख्या गणना एक दिसंबर से शुरू होकर चार जनवरी 2027 तक चलेगी। इससे पहले 14 से 30 नवंबर तक स्व-गणना की प्रक्रिया चलेगी। एडीएम वित्त डा. पंकज कुमार वर्मा ने कार्मिकों को प्रपत्रों और आंकड़ों की प्रविष्टि में विशेष सावधानी बरतने को कहा है। जनगणना कार्य के लिए जिले में कार्मिकों की तैनाती की जाएगी। सही और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने वाले कार्मिकों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। जनगणना में जुटाई गई जानकारी देश की सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय स्थिति का आधार बनेगी और विकास योजनाओं के निर्माण में उपयोग होगी।

केंद्र सरकार ने 14 अगस्त 2026 को दूसरे चरण की जनगणना के लिए 40 प्रश्नों वाली परिवार अनुसूची अधिसूचित की है। इसमें व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी के साथ शिक्षा, रोजगार, प्रवास, जाति, दिव्यांगता और महिलाओं से संबंधित जानकारी ली जाएगी।

इस बार अनुसूची में डिजिटल साक्षरता, बैंक खातों की संख्या, कोविड-19 टीकाकरण का स्थान और उपलब्ध होने पर मोबाइल, आधार, मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस की जानकारी जैसे नए या संशोधित विषय भी शामिल हैं।

### ये 40 सवाल होंगे अहम

व्यक्ति का नाम, परिवार के मुखिया से संबंध, लिंग, जन्मतिथि और आयु, वर्तमान वैवाहिक स्थिति, विवाह के समय आयु, पति या पत्नी का नाम, घोषित राष्ट्रीयता, धर्म, अनुसूचित जाति/जनजाति/जाति, पिता का विवरण, माता का विवरण, दिव्यांगता की स्थिति, मातृभाषा और अन्य भाषाओं का ज्ञान, साक्षरता और डिजिटल साक्षरता, शैक्षणिक संस्थान में अध्ययन की स्थिति, उच्चतम शैक्षणिक स्तर और विषय/संकाय, पिछले वर्ष किसी समय काम किया या नहीं, आर्थिक गतिविधि की श्रेणी, व्यवसाय उद्योग, व्यापार या सेवा का स्वरूप, कर्मी की श्रेणी, गैर-आर्थिक गतिविधि, काम की तलाश या काम के लिए उपलब्धता, कार्यस्थल तक आने-जाने की जानकारी, जन्म स्थान, पिछला निवास स्थान, स्थान परिवर्तन का कारण, वर्तमान गांव/नगर में निवास की अवधि, स्थायी निवास का पता, वर्तमान में जीवित बच्चों की संख्या, अब तक जीवित पैदा हुए बच्चों की संख्या, पिछले एक वर्ष में जीवित जन्मे बच्चों की संख्या, कोविड-19 टीकाकरण का स्थान, कुल बैंक खातों की संख्या, उपलब्ध होने पर मोबाइल नंबर, उपलब्ध होने पर आधार नंबर, उपलब्ध होने पर मतदाता पहचान पत्र नंबर, भारतीय पासपोर्ट होने पर पासपोर्ट नंबर, ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध है या नहीं।

# बैंककर्मी महिला को संदेश भेजने पर रिजवी हो गए पैदल

## समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष ने छीना पद

## पार्टी विरोधी गतिविधियों का लगा आरोप, पुलिस कसेगी शिकंजा

**यूनिक समय, मथुरा।** बैंककर्मी महिला को आपत्तिजनक और धमकी भरे संदेश भेज रहे राजन रिजवी पैदल हो गए हैं। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष ने राजन रिजवी से पद छीन लिया है। पार्टी विरोधी गतिविधियों की वजह से अब रिजवी को पार्टी से भी बेदखल किया जा सकता है। मुख्य संगठन ने इस कार्रवाई को नारी सम्मान से जुड़ी कार्रवाई बताया है।

समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश महासचिव राजन रिजवी बीते कई दिनों से एक बैंककर्मी महिला के चरित्र हनन की कोशिश में जुटे थे। सपा की सरकार बनने पर आइएएस बनाने की बात कहने वाला सपा नेता लगातार महिला को परेशान कर रहा था। इस मामले में पीड़ित महिला ने कोतवाली में सपा नेता के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया, जिसमें आपत्तिजनक और धमकीपूर्ण संदेश भेजने, बिना अनुमति मोबाइल नंबर प्राप्त कर निगरानी किए जाने की आशंका जताई गई। पीड़िता का कहना है कि बैंक में आने वाले सपा नेता राजन रिजवी ने बिना अनुमति उनका निजी मोबाइल नंबर प्राप्त किया और उस पर आपत्तिजनक- अवांछित संदेश भेजे। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने एक बार उनसे फोन नहीं उठाने को लेकर सवाल किया, उनकी सीडीआर निकलवाने की बात कही, जिससे भय और दबाव महसूस हुआ। उन्होंने मोबाइल नंबर प्राप्त करने के स्रोत और उससे जुड़ी गतिविधियों की जांच की मांग की है। उनके परिवार से संबंधित निजी जानकारियां पूछे जाने, बैंक के सामने खड़े वाहन और उनकी तस्वीर लिए जाने की जानकारी मिली।

सपा नेता की यह करतूत लखनऊ तक पहुंची तो समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद शकील नकवी ने राजन रिवजी की इस कारनामे को पार्टी विरोधी गतिविधियां माना। इसी कारण राजन रिजवी को अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश महासचिव से मुक्त कर दिया गया। सपा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव का कहना है कि पार्टी महिलाओं का सम्मान करती है। प्रकरण संज्ञान में आते ही रिजवी को पद से हटाया गया है, अब उनको पार्टी से बाहर का भी रास्ता दिखाया जाएगा। महिलाओं का असम्मान करने वालों का पार्टी में कोई स्थान नहीं है।

# हाथी टीला पर कथित कब्जे के ढांचे पर नगर निगम की कार्रवाई



हाथी टीला पर कब्जे की जांच करने पहुंचे नगर मजिस्ट्रेट अनुपम मिश्र एवं अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह आदि।

## विहिप ने अपर नगर आयुक्त के समक्ष उठाया था मामला

## गुरुवार को फिर पहुंचेगी नगर निगम एएसआई टीम

**यूनिक समय, मथुरा।** एएसआई द्वारा संरक्षित ऐतिहासिक हाथी टीला पर कथित अनधिकृत निर्माण की शिकायत के बाद नगर निगम प्रशासन ने कार्रवाई की। विहिप के पदाधिकारियों ने नगर निगम पहुंचकर अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह के समक्ष मामला उठाते हुए कार्रवाई और ऐतिहासिक स्थल की सुरक्षा की मांग की थी। इसके बाद नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर संबंधित ढांचे को हटाया।

विहिप ब्रज प्रांत अध्यक्ष कन्हैयालाल अग्रवाल के निर्देशन में महानगर अध्यक्ष गोकुलेश गौतम एडवोकेट समेत पदाधिकारियों ने हाथी टीला की भूमि पर कथित कब्जे के प्रयास का विरोध किया।

गोकुलेश गौतम ने बताया कि मौजा केशोपुर मनोहरपुर, खेवट संख्या 35/2 स्थित हाथी टीला नगर निगम की संपत्ति के अंतर्गत है और एएसआई से संरक्षित है। उन्होंने पुरातन महत्व के स्थल को सुरक्षित रखने की मांग की।

मामले में सिटी मजिस्ट्रेट अनुपम मिश्र और अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह के समक्ष भी पक्ष रखा गया। नगर निगम ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इसके बाद कथित अनधिकृत निर्माण को हटाया गया। अधिकारियों की टीम गुरुवार को दोबारा मौके का निरीक्षण करेगी। इस दौरान महानगर मंत्री नितिन चौधरी, वत्सल भाटिया, आशीष शर्मा, मनोज सिसोदिया, शशांक शर्मा, दीपक चौधरी, जय चौधरी, नीरज शर्मा, विष्णु चौहान, विजय चौहान और नानक चंद आदि मौजूद रहे।

### 4.62 करोड़ रुपये से बनेगा जलनिकासी तंत्र

# मथुरा मंडी को अब जलभराव से मिलेगी बड़ी राहत

## धान खरीद के बाद पूरा होगा निर्माण कार्य

**यूनिक समय, मथुरा।** बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या से जूझने वाली मथुरा मंडी को अब राहत मिलने की उम्मीद है। मंडी परिसर में जलनिकासी की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए 4.62 करोड़ रुपये से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। हाइवे से आने वाले बरसाती पानी को नालों के जरिए मंडी के बड़े मैदान तक पहुंचाया जाएगा, जहां पानी के संग्रहण और निकासी की व्यवस्था होगी। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद आढ़तियों और किसानों को हर वर्ष होने वाले जलभराव से राहत मिल सकेगी।

हाइवे निर्माण के बाद मथुरा मंडी का परिसर आसपास की सड़क के मुकाबले निचले स्तर पर हो गया है। बारिश के दौरान हाइवे के नाले का पानी ओवरफ्लो होने पर मंडी परिसर में पहुंच जाता है। इससे मंडी के निचले हिस्सों में पानी भर जाता है। आढ़तियों का सामान और कारोबार प्रभावित होता है, वहीं किसानों को अपनी उपज लेकर मंडी में पहुंचने और बेचने में परेशानी उठानी पड़ती है। मंडी में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए मंडी निदेशालय ने चार फरवरी 2026 को 4.62 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी थी। इसके तहत मंडी परिसर के निचले हिस्सों का स्तर ऊंचा किया जाएगा। साथ ही बारिश के पानी के संग्रहण के लिए टैंक बनाया जाएगा।



मंडी में जलभराव से राहत देने को बन रहा नाला।

### नालों से बड़े मैदान तक पहुंचेगा पानी

परिसर के चारों ओर बनाए जा रहे नालों के माध्यम से हाइवे और मंडी में आने वाले बरसाती पानी को एक निर्धारित स्थान तक पहुंचाया जाएगा। इससे पानी बेतरतीब तरीके से मंडी परिसर में फैलने के बजाय संग्रहण स्थल तक पहुंचेगा। जलनिकासी व्यवस्था तैयार होने से बारिश के दौरान मंडी में कारोबार सुचारु रखने में भी मदद मिलेगी।

नगर मजिस्ट्रेट- मंडी सभापति अनुपम मिश्रा ने बताया कि मंडी को जलभराव से मुक्ति दिलाने को नाला निर्माण का काम शुरू हो गया है। धान खरीद का सीजन समाप्त होने के बाद निर्माण कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। नई व्यवस्था के बाद जलभराव नहीं होगा।



नगर मजिस्ट्रेट अनुपम मिश्र।

# सपा हाईकमान ने जिला और महानगर कार्यकारिणी भंग की

**यूनिक समय, मथुरा।** समाजवादी पार्टी की हाईकमान ने जिले में पार्टी की जिला और महानगर इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। इसके साथ ही फ्रंटल संगठनों की जिला,महानगर कार्यकारिणी और मथुरा से संबंधित पार्टी की राज्य कार्यकारिणी को भी भंग कर दिया गया है। समाजवादी पार्टी के केंद्रीय कार्यालय नई दिल्ली से 16 सितंबर को जारी कार्यालय द्वारा यह आदेश जारी किया गया है। आदेश में जिले की समाजवादी पार्टी की राज्य कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, सदस्य और फ्रंटल संगठनों की प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और सदस्यों को भी भंग किए जाने की जानकारी दी गई है।

# गांव–गांव पहुंचेगा प्रशासन, मौके पर मिलेगा योजनाओं का लाभ

**यूनिक समय, मथुरा।** सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को अब ब्लॉक और जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। प्रशासन गांव–गांव पहुंचकर पात्र लोगों के आवेदन, सत्यापन और योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया मौके पर पूरी करेगा। इसके लिए 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। वहीं, 26 सितंबर से आठ अक्टूबर तक सभी विकासखंडों में सात दिवसीय बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए जाएंगे।

डीएम चंद्रप्रकाश सिंह ने अभियान की तैयारियों और निगरानी के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। अभियान के तहत 13 प्रमुख कार्यक्रम

### कल से 17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान

### 26 सितंबर से ब्लाकों में लगेंगे सात दिवसीय बहुउद्देशीय शिविर

आयोजित किए जाएंगे। 17 सितंबर को 'सेवा दिवस-आशीर्वाद का दीया' से अभियान की शुरुआत होगी। इस दौरान लाभार्थियों की सूची तैयार करने के साथ स्वास्थ्य जांच, रक्तदान और दिव्यांगजन कल्याण से जुड़े कार्यक्रम होंगे। अस्पतालों में फल वितरण और विश्वकर्मा जयंती पर पात्र लाभार्थियों को टूलकिट वितरित की जाएगी।

'सरकार आपके द्वार' शिविरों में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं के आवेदन और सत्यापन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशासन का लक्ष्य पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़कर शत–प्रतिशत संतृप्ति हासिल करना है। ग्राम चौपालों के माध्यम से योजनाओं की वास्तविक पहुंच और लाभार्थियों की समस्याओं का फीडबैक भी लिया जाएगा।

### विकास कार्यों का बनेगा डिजिटल डाटा बैंक

अभियान के दौरान ग्राम पंचायतवार विकास कार्यों का डिजिटल डाटा बैंक भी तैयार किया जाएगा। इसमें विकास कार्य शुरू होने से पहले और पूरा होने के बाद के फोटो, वीडियो और ड्रोन फुटेज दर्ज किए जाएंगे। इससे विकास कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की निगरानी में मदद मिलेगी।

सात अक्टूबर को सेवा ज्योति कलश यात्रा निकाली जाएगी। वहीं, 17 अक्टूबर को सुशासन सेवा संवाद के साथ अभियान का समापन होगा। इस दौरान स्वच्छता, पौधारोपण, रक्तदान, स्वास्थ्य, शिक्षा, नशामुक्ति और डिजिटल साक्षरता सहित 25 सेवा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।






# गंगाजल सप्लाई बंद नागरिक परेशान


समस्या से पार्षद चंदन आहूजा को अवगत कराते लोग।

**यूनिक समय, मथुरा।** शहर कृष्णा नगर में पिछले करीब दस दिनों से गंगाजल की सप्लाई बंद है। भीषण गर्मी के कारण लोगों को पानी के लिए काफी परेशानी हो रही है। कृष्णा नगर, राधिका विहार फेस–1, वार्ड 30 और भूतेश्वर क्षेत्र के कई वार्डों में पानी की सप्लाई पर असर पड़ा है।

कृष्णा नगर वार्ड 30 के पार्षद चंदन आहूजा ने बताया कि उन्होंने करीब सात दिन पहले जलकल महाप्रबंधक को यह समस्या बताई थी। उनके अनुसार, गोकुल बैराज पर लगी प्रेशर मोटर खराब होने के कारण गंगाजल की सप्लाई प्रभावित हुई है। पार्षद चंदन आहूजा ने तुरंत मोटर बदलवाने और पानी की सप्लाई शुरू करने की मांग की थी।

उन्होंने कहा कि लगातार पानी नहीं मिलने से इलाके के कई परिवार परेशान हैं। लोगों को रोजमर्रा के घरेलू कामों के साथ–साथ पीने के पानी का इंतजाम करने में भी दिक्कत हो रही है। स्थानीय लोग सुबह से शाम तक पार्षद को फोन कर पानी की सप्लाई शुरू होने की जानकारी ले रहे हैं। लोगों ने समस्या से पार्षद चंदन आहूजा को भी अवगत कराया और समस्या के समाधान की मांग की। इस पर पार्षद ने नगर निगम और जलकल विभाग को पत्र लिखकर अपील की है कि समस्या को प्राथमिकता से हल किया जाए और जल्द से जल्द गंगाजल की सप्लाई शुरू की जाए।

# राधाष्टमी को लेकर बाजार में बढ़ी रौनक

**यूनिक समय, वृंदावन।** राधाष्टमी पर्व को लेकर बाजारों में तैयारियां तेज हो गई हैं। पर्व से पहले दुकानों पर राधा रानी के श्रृंगार और झांकी सजाने से जुड़ी विभिन्न सामग्री पहुंचने लगी है। श्रद्धालु भी राधा रानी को जन्म के बाद नई पोशाक खरीद रहे हैं। मंदिरों की नगरी में मार्बल की राधा रानी और कमल आकृति वाले सिंहासन आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

मंदिरों की नगरी के बाजार में संगमरमर की राधा रानी की आकर्षक प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। अलग–अलग आकार और डिजाइन में तैयार इन प्रतिमाओं की मांग भी बढ़ने लगी है। इसके साथ ही राधा-कृष्ण की झांकी सजाने के लिए विभिन्न प्रकार के झूले भी बाजार में आ रहे हैं। दुकानों पर छोटे-बड़े आकार के झूलों के साथ अलग–अलग डिजाइन और सजावट वाले झूले उपलब्ध हैं।


आकृति वाले सिंहासन में विराजी राधा रानी को दिखाता दुकानदार।

वहीं, इस बार कमल आकृति वाले सिंहासन भी बाजार में देखने को मिल रहे हैं। कमल के फूल की आकृति में तैयार किए गए इन सिंहासनों को राधा रानी की प्रतिमा विराजमान कराने के लिए तैयार किया गया है। बाजार में मार्बल की प्रतिमाओं के साथ सिंहासन और झूलों की कई डिजाइन उपलब्ध हैं। इनमें

### मार्बल की राधा रानी और कमल आकृति वाले सिंहासन बने आकर्षण का केंद्र

पारंपरिक कारीगरी के साथ आकर्षक सजावट पर भी ध्यान दिया गया है। प्रेम मंदिर के सामने श्रृंगार के सामान की दुकान संचालित कर रहे पवन पाठक ने बताया कि कमल आकृति वाले सिंहासन सात सौ रुपये में बिक्री के लिए उपलब्ध है।

उधर, राधाष्टमी पर्व नजदीक आने के साथ इन सामानों की खरीदारी बढ़ने की उम्मीद है। पर्व को लेकर बाजारों में अभी से रौनक दिखाई देने लगी है और आने वाले दिनों में दुकानों पर राधा रानी की प्रतिमाओं, झूलों और कमल आकृति वाले सिंहासनों की ओर भी नई डिजाइन पहुंचने की संभावना है।

## मछली पालन तालाब पर कब्जे के आरोप में सात के खिलाफ मुकदमा

**यूनिक समय, छाता।** थाना पुलिस ने मछली पालक की शिकायत पर मछली पालन के तालाब को लेकर विवाद के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। शिकायत में गांव नरी, वर्तमान निवासी गौरवधाम कॉलोनी छाता ने आरोप लगाया गया है कि शेरपाल और उनके भाई ओमपाल के खेत पर बने मछली पालन तालाब को लेकर दाऊजी निवासी ग्राम नरी ने जगवती के नाम से कथित फर्जी एग्रीमेंट कराकर कब्जा करने का प्रयास किया। तालाब मछली विभाग मथुरा में पंजीकृत है।

शेरपाल का कहना है कि उन्होंने दाऊजी को 18 मार्च को 90 हजार रुपये लेकर एक वर्ष के लिए तालाब पट्टे पर दिया था, 18 मार्च 2025 को 95 हजार रुपये लेकर अवधि बढ़ाई गई। इसके अलावा 2.18 लाख रुपये उधार लेने का भी आरोप है। मामले में दाऊजी, रतन एडवोकेट, लक्ष्मी नारायण एडवोकेट, गोविंदराम एडवोकेट, निहाल सिंह, जगवती और रोहित को आरोपी बनाया गया है।

## भवन स्वामी 10 प्रतिशत की छूट का 30 सितंबर तक उठाएं लाभ

**यूनिक समय, मथुरा।** नगर निगम की सीमा में रह रहे गृह स्वामियों के लिए नगर निगम मथुरा–वृन्दावन द्वारा गृहकर/जलकर, सीवरकर का 10 प्रतिशत तक की छूट का लाभ 30 सितंबर दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सम्पत्ति कर (गृहकर/जलकर/सीवर कर) के बकाये पर लगने वाली सरचार्ज/ब्याज की धनराशि को समाप्त करने के लिए ओटीएस योजना लागू की गयी है, इसकी अवधि 15 अगस्त से 15 दिसंबर तक कर दी गई है। वहीं आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 नबंवर है। नगर निगम सीमा में रह रहे भवन स्वामी अपना बकाया कर निर्धारित सीमा के अंदर भरकर दस प्रतिशत की छूट का लाभ उठाएं।

# सौ सैय्या अस्पताल के खाली कमरों में घूम रहे पंखे


वृंदावन के जिला संयुक्त चिकित्सालय के पैनल से दिख रही वायरिंग।


जिला संयुक्त चिकित्सालय के कमरे में चादर विहीन बैड।

**यूनिक समय, वृंदावन।** मरीजों को बेहतर उपचार और सुविधाएं देने के लिए संचालित सौ सैय्या अस्पताल की व्यवस्थाएं सवालों के घेरे में हैं। अस्पताल के कई कमरे खाली पड़े हैं, लेकिन इनमें लगे छत के पंखे लगातार घूमते नजर आते हैं। दूसरी ओर मरीजों के लिए लगाए गए बेड पर चादर तक उपलब्ध नहीं है। कमरों में साफ–सफाई का भी अभाव दिखाई देता है।

अस्पताल के खाली कमरों में फर्श

### बैड पर चादर नहीं, फर्श पर गंदगी, टूटी छत के पैनल से झांक रही वायरिंग

पर गंदगी और अव्यवस्था नजर आती है। मरीजों के उपयोग के लिए तैयार किए गए इन कमरों की स्थिति देखकर नियमित रखरखाव पर सवाल खड़े होते हैं। यदि इन कमरों में मरीजों को भर्ती किया जाना है तो उन्हें उपयोग में लेने से पहले सफाई और जरूरी व्यवस्थाएं दुरुस्त करना आवश्यक है।

अस्पताल की छत की स्थिति भी चिंताजनक है। कई जगह छत के पैनल टूटे हुए हैं तो कहीं पैनल गायब हैं। इनके खाली हिस्सों से ऊपर की वायरिंग और अन्य संरचनाएं साफ दिखाई दे रही हैं। इससे अस्पताल के रखरखाव के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

मरीज और तीमारदार अस्पताल में उपचार के साथ स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण की उम्मीद लेकर आते हैं। ऐसे में खाली कमरों में बिजली की खपत, बेड पर चादरों का अभाव, गंदगी और क्षतिग्रस्त छत के पैनल अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

व्यवस्थाओं को जल्द दुरुस्त कर मरीजों के लिए कमरों को सुविधायुक्त बनाने की जरूरत है।

# मछली पालन के लिए 50 आवेदन, 40 स्वीकृत

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए मत्स्य विभाग की योजनाओं में लोगों ने रुचि दिखाई है। मुख्यमंत्री योजना के तहत जिले से 20 लोगों ने आवेदन किए थे। जांच के बाद इनमें से 18 आवेदन स्वीकृत कर दिए गए, जबकि दो आवेदन में कमी मिलने पर निरस्त कर दिए गए। वहीं, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत करीब 30 लोगों ने आवेदन किया था। जांच में 22 आवेदन सही पाए गए और उन्हें स्वीकृति दी गई। आठ आवेदन में जरूरी कागजात या अन्य कमी मिलने पर उन्हें निरस्त कर दिया गया।

मत्स्य विभाग के अनुसार मुख्यमंत्री योजना के तहत मछली पालन के लिए दो हेक्टेयर तक भूमि की जरूरत होती है। वहीं, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत शून्य से दो हेक्टेयर तक भूमि वाले आवेदक योजना का लाभ लिया है। सहायक निदेशक मत्स्य आकांक्षा ने

### मछली पालन से जिले के तीस लोगों को मिला रोजगार

बताया कि सभी आवेदनों की जांच की गई थी। जिन आवेदनों में कमी मिली है, उन्हें नियमों के अनुसार निरस्त किया गया है। पात्र पाए गए आवेदकों को योजना के तहत आगे की प्रक्रिया पूरी करने के बाद लाभ दिया गया है।

उन्होंने बताया कि योजनाओं के तहत मछली पालन के लिए 40 प्रतिशत अनुदान मत्स्य विभाग की ओर से दिया जाता है। बाकी 60 प्रतिशत राशि लाभार्थी को स्वयं लगानी होती है। अनुदान मिलने से लोगों को मछली पालन शुरू करने में आर्थिक मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का जिले में मछली पालन को बढ़ावा देना और लोगों को रोजगार से जोड़ना है।

# गोकुल बैराज पर यमुना से मिला किशोर का शव

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना सदर बाजार के औरंगाबाद के कोली मौहल्ला में रहने वाले एक किशोर का शव गोकुल बैराज के समीप कल सायं यमुना से मिला है। परिवार का कहना है कि उसे कॉल करके किसी ने बुलाया था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा।

कोली मौहल्ला में रहने वाले सतीश के 17 वर्षीय बेटे नरेश को 14 सितंबर की दोपहर फोन पर किसी का कॉल आया था। कॉल आने के बाद नरेश घर से चला गया। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। नरेश के घर न लौटने पर परिवार के लोग उसे तलाश कर रहे थे। बताया गया कि कल यमुना के गोकुल बैराज

## परिवार का आरोप किसी ने फोन कर बुलाया था

## छोटे भाई के साथ भी घटित हो चुकी है पहले घटना

गेट को पानी निकालने के लिए खोला गया, तभी किशोर का शव निकल आया। परिवार के लोगों को जब यमुना में शव मिलने की जानकारी हुई तो बैराज पर पहुंच कर उन्होंने शव की शिनाख्त नरेश के रुप में की। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की तलाशी की तो उसके पास से मोबाइल फोन भी मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बारे में सतीश का कहना है कुछ दिन पहले उसके छोटे बेटे को स्कूल जाते समय सफेद रंग की ईको कार सवारों ने अगवा कर लिया था। बाद में उसे बेहोशी की हालत में छोड़ दिया गया था। इस मामले में पुलिस से शिकायत भी की थी। पुलिस ने मामले की जांच भी की,लेकिन इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की थी। उसने बेटे के साथ किसी अनहोनी की आशंका है।

## बिजली लाइन से तार चोरी, अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा

**यूनिक समय, छाता।** क्षेत्र में बिजली विभाग की लाइन से तार चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले में अवर अभियंता बृजगोपाल की तहरीर पर थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना छह- सात सितंबर की रात की बताई गई है। अवर अभियंता के अनुसार, ग्राम भजेरा के खेत से आगे सुभाष निवासी नगला नहरी तक जाने वाली विद्युत लाइन के करीब 1610 मीटर तार को अज्ञात चोर काटकर ले गए।

घटना के दौरान करीब 20 सीसीएस पोल टूटने और लाइन से जुड़ा अन्य सामान क्षतिग्रस्त होने की बात भी तहरीर में दर्ज है। चोरी के कारण विद्युत विभाग को आर्थिक क्षति होने का उल्लेख किया गया है।






# टाटा मैजिक में ले जा रहे थे चोरी के तार, तीन दबोचे


पुलिस हिरासत में बिजली तार चोरी के आरोपित।

**यूनिक समय, मथुरा।** छाता पुलिस ने चोरी के तीन वांछित अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के तार और घटना में प्रयुक्त की जाने वाली गाड़ी बरामद की है।

पुलिस ने छह सितंबर की रात एक ही रात में 23 स्थानों से विद्युत लाइन का 1610 मीटर तार को अज्ञात चोरों ने काट लिया था। इस मामले में थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। छाता पुलिस छाता गोवर्धन रोड पर रनवारी के समीप चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान वहां टाटा मैजिक (छोटा हाथी) आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने चेकिंग के लिए उसे रोक लिया।

पुलिस को टाटा मैजिक में तीन बंडल बिजली के तारों के मिले। पुलिस ने इस मामले में अभियुक्त उशेद नाहर निवास मौहल्ला नाडूवास कोसीकलां, मौहम्मद अता नाहर निवासी पीर वाली गली नाडूवांस और अनीश निवासी करीमुल्लावांस नकासा कोसीकलां को गिरफ्तार किया है।

# एसएसपी ने सराहनीय कार्य पर जेडीओ विनोद को किया सम्मानित

**यूनिक समय, मथुरा।** एसएसपी ने वृंदावन के पर्यटन थाने के पुंडरीकक्ष सभागार में सराहनीय कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

एसएसपी श्लोक कुमार ने वृंदावन के पर्यटन थाने में आयोजित सम्मान समारोह में पुंडरीकक्ष सभागार में विनोद कुमार मिश्रा(जेडीओ) को जुलाई 2026 में राष्ट्रीय सुरक्षा रासुका, एनडीपीसी एक्ट, गुंडा एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के तहत 37.20 करोड़ की चल-अचल संपत्ति के जब्तीकरण की कार्रवाई, लूट, डकैती-महिला अपराधों से संबंधित अभियुक्तों का निरुद्धीकरण और एनडीपीसी एक्ट के अभियुक्त को न्यायालय से दस साल के कारावास और एक लाख का अर्थदंड दिलाए जाने और गुंडा एक्ट निवारण अधिनियम में आठ अभियुक्तों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई, 24 अभियुक्तों को निगरानी के लिए प्रतिबंधित कराए जाने जैसी महत्वपूर्ण कार्रवाई में योगदान करने के लिए उनकी उत्कृष्ट कर्तव्यपरायणता के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।



एसएसपी से प्रशस्ति पत्र लेते जेडीओ विनोद कुमार मिश्रा।

इसी तरह थाना बल्देव में 80 साल की वृद्ध महिला की हत्या के मामले में पंजीकृत अपराध में अभियुक्त रमन उर्फ रमन बिहारी को गिरफ्तार कर उससे मृतका के जेवरात और देशी तमंचा कारतूस बरामद कर घटना का सफल अनावरण करने वाले थाना प्रभारी अभय कुमार शर्मा, स्वाट टीम प्रभारी महावीर सिंह, उप निरीक्षक अमित कुमार राय और उनकी टीम को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

# फौजी की करंट लगने से हुई मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना नौहझील के गांव शंकर गढ़ी में खेत पर पानी लगाने के दौरान एक फौजी की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। फौजी पोस्टिंग पर मिले ज्वाइनिंग टाईम की छुट्टी पर गांव आया हुआ था।

शकंर गढ़ी निवासी प्रेमवीर सिंह सेना में जम्मू-कश्मीर में तैनात थे। नायक प्रेमवीर सिंह की पोस्टिंग जम्मू कश्मीर से बीकानेर राजस्थान के लिए हो गई थी। पोस्टिंग के दौरान मिलने वाले ज्वाइनिंग टाइम पर वह अपने गांव आया था। बताया गया वह कल दोपहर खेत पर पानी लगा रहा था। वहां लगे बिजली के पोल की स्पोर्ट के लिए लगे तार में को फौजी ने जैसे ही छुआ, उनको तेज बिजली का करंट लगा और वह तार पर गिर पड़े। करंट लगने से हाथ और पेट बुरी तरह से जल गया। खेत पर काम कर रहे ग्रामीणों ने

## पोस्टिंग पर मिले ज्वाइनिंग पीरियड पर घर आया था फौजी

फौजी को लगे बिजली के करंट के बारे में उसके परिवार को सूचना दी। कुछ ही देर में परिवार के लोग भी वहां पहुंच गए। ग्रामीणों ने किसी तरह फौजी को करंट आ रहे तार से अलग किया। इसके बाद उसे तुरंत कैलाश हॉस्पिटल ले गए।

हॉस्पिटल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को भी इस बारे में सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फौजी की मौत से परिवार ही नहीं गांव में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के तीन बेटियां और एक बेटा है।

# मॉर्निंग वॉक कर लौटते डॉक्टर को कंटेनर ने रौंदा, मौत

**यूनिक समय, शेरगढ़।** कस्बा के पटेल चौक के समीप मॉर्निंग वॉक करते एक डॉक्टर को कंटेनर ने अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में डॉक्टर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कंटेनर को अपने कब्जे में ले लिया है।

पटेल चौक इलाके में रहने वाले डॉक्टर फतेह सिंह रोजाना की तरह मॉर्निंग वॉक करने के लिए घर से निकले थे। वॉक करने के बाद घर लौटते समय पटेल चौक के समीप कंटेनर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

## पुलिस ने कंटेनर को अपने कब्जे में लिया

दुर्घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना का पता लगने पर काफी संख्या में लोग वहां एकत्रित हो गए। पुलिस को भी दुर्घटना की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने डाक्टर के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना करने वाले कंटेनर को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।

## बलात्कार करने वाला गिरफ्तार

**यूनिक समय, सुरीर।** कोतवाली पुलिस ने बलात्कार के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बलात्कार के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त सुनील निवासी नगला मौजी को सुरीर थाने के गेट के समीप से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

## पुत्रवधु के परिजनों ने सास को पीटा, मुकदमा दर्ज

**यूनिक समय, बरसाना।** क्षेत्र के ग्राम गाजीपुर में मारपीट और जान से मारने की धमकी के आरोप में छह लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। गाजीपुर की लक्ष्मी शर्मा के अनुसार, 30 जून की सुबह करीब 9 बजे वह रसोई में खाना बनाने जा रही थीं।

इसी दौरान उनकी पुत्रवधू बृजलता से कहा- सुनी हुई। आरोप है कि इसके बाद बृजलता और सोनिया ने अपने परिजनों को बुला लिया। शिकायत में बृजलता, सोनिया, जीतराम, कमलेश, लक्ष्मीनारायण और महेश को आरोपी बनाया गया है। शिकायत में लाठी और चाकू से मारपीट करने, चोट पहुंचाने, कपड़े फाड़ने, गाली–गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दहेज उत्पीड़न, मारपीट के आरोप में पति समेत सात के खिलाफ मुकदमा

**यूनिक समय, छाता।** स्थानीय पुलिस ने घंटाघर कोसीकलां निवासी रिजवाना की शिकायत पर पति समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार, रिजवाना की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व मुन्ना निवासी लालाराम मार्ग घंटाघर कोसीकलां के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी में मायके पक्ष की ओर से दहेज में करीब 10 तोला सोना और 10 लाख रुपये की एफडी दी गई थी। शादी के कुछ समय बाद ससुराल पक्ष द्वारा अतिरिक्त पैसे की मांग की जाने लगी और मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट की, धमकी दी गई। आरोप है कि पति ने एफडी तुड़वाकर 10 लाख रुपये निकाल लिए, उसका करीब 10 तोला स्त्रीधन भी बेच दिया। रिजवाना ने पुलिस को बताया कि बाद में उसे पति के साथ फरीदाबाद ले जाया गया, जहां भी उसके साथ मारपीट की गई और दो लाख रुपये, एक प्लॉट अपने नाम कराने का दबाव बनाने का आरोप लगाया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि चार सितंबर को पति उसे कोसीकलां लेकर आया और दोनों पुत्रियों को लेकर चला गया। एफआईआर में आरोपी मुन्ना, इस्लामी, असमा, उमरदराज, मुरीन, नईम और फारुख के नाम दर्ज हैं।



# अब तो पालतू जानवर भी होने लगे हमलावर

## मथुरा में बढ़ा जानवरों के काटने का आतंक रोज पहुंच रहे 50 मरीज

## जिला अस्पताल में 300 से 325 लोगों को लग रही एंटी रेबीज वैक्सीन


पीड़ित महिला के वैक्सीन लगाते फार्मासिस्ट गिर्राज कुमार सारस्वत।

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में कुत्ते-बिल्ली समेत अन्य घरेलू और आवारा जानवरों के काटने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। जिला अस्पताल में प्रतिदिन करीब 40 से 50 लोग जानवर काटने के बाद एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने पहुंच रहे हैं। इनमें पालतू कुत्ते और बिल्लियों के काटने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ी है। अस्पताल में महीनेभर में करीब 300 से 325 मरीज ऐसे पहुंच रहे हैं, जिन्हें पशु के काटने के बाद उपचार और वैक्सीन की जरूरत पड़ रही है।

जिला अस्पताल के फार्मासिस्ट गिर्राज कुमार सारस्वत ने बताया कि रोजाना आने वाले मरीजों में कुत्ते और बिल्ली के काटने के मामले प्रमुख हैं। पहले आवारा जानवरों के हमले अधिक सामने आते थे, लेकिन अब पालतू पशुओं के काटने के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक वैक्सीन लगवाने वालों में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि करीब 20 से 25 लोग ऐसे भी सामने आते हैं, जिन्हें घर में पालतू कुत्ते–बिल्ली को खाना खिलाने या उनके साथ खेलने के दौरान काट लिया। इससे पालतू जानवरों के साथ बरती जाने वाली सावधानी को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

सीएमएस नीरज अग्रवाल ने बताया कि कुत्ता, बिल्ली या किसी अन्य जानवर के काटने पर घाव को तत्काल साबुन और साफ बहते पानी से कम से कम 15 मिनट तक धोना चाहिए। इसके बाद बिना देरी किए अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि रेबीज से बचाव के लिए निर्धारित समय पर एंटी रेबीज वैक्सीन की सभी खुराक लगवाना जरूरी है। सीएमएस ने लोगों से बच्चों और बुजुर्गों को पालतू जानवरों के साथ अकेला नहीं छोड़ने की अपील की।

## जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और साध्वी निरंजन ज्योति ने लिया संतों का आशीर्वाद



**यूनिक समय, वृंदावन।** रसिक संत-संगीत साधक स्वामी हरिदास के 546वें आविर्भाव महोत्सव के चौथे दिन श्री स्वामी हरिदासीय रसोपासना पीठ आश्रम में विशेष महाअभिषेक आयोजित किया गया। महामंडलेश्वर स्वामी राधा प्रसाद देव के सान्निध्य में हुए आयोजन में साधु–संतों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महोत्सव में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, भाजपा की वरिष्ठ नेत्री साध्वी निरंजन ज्योति आश्रम पहुंचीं। दोनों ने महामंडलेश्वर से भेंट कर आशीर्वाद लिया। आश्रम की ओर से उनका स्वागत किया गया। स्वतंत्र देव सिंह ने स्वामी राधा प्रसाद देव के आध्यात्मिक और साहित्यिक योगदान की सराहना करते हुए करीब 90 ग्रंथों की रचना का उल्लेख किया। महाअभिषेक के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय रहा। मीडिया से बातचीत में मंत्री ने राजनीतिक सवालों पर प्रतिक्रिया देने से परहेज किया।




# न्यायिक अधिकारी आवास में हुई चोरी का नहीं लग रहा सुराग

## दस दिन बाद भी पुलिस को नहीं पता चोरी करने वाले कौन

**यूनिक समय, मथुरा।** पुलिस ने कोसीकलां के सर्राफ के शोरूम से हुई 12 करोड़ की चोरी का पूरा माल बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार करने में जो सफलता हासिल की, वह तारीफ के काबिल है, लेकिन जज कंपाउंड में न्यायिक अधिकारी के आवास से हुई लाखों की चोरी का दस दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग तक नहीं लगा सकी है।

पुलिस ने जिस तरह 12 घंटे के अंदर कोसीकलां के सर्राफ वरुण कुमार अग्रवाल और भाई अमित कुमार अग्रवाल की जुगल किशोर ज्वैलर्स की दुकान से चोरी हुए दस किलो सोने और 15 लाख रुपये की चोरी का पूरा माल बरामद करने के बाद चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, जज कंपाउंड में न्यायिक अधिकारी के बंद पड़े आवास में चोरी की घटना को हुए दस दिन बीत चुके हैं। एसएसपी ने इस मामले में पुलिस की कई टीमें लगाई थी। इसके बावजूद चोरी की घटना में शामिल चोरों का पुलिस को अभी तक कोई सुराग नहीं लग रहा है। हलांकि पुलिस इस मामले में सीसी टीवी फुटेज के अलावा लोकल अपराधियों पर दबाव बना रही है। इसके बाद भी चोरी करने वाला कौन है? इसका पता नहीं लगा पा रहा है।

## धोखाधड़ी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार 40 हजार बरामद

**यूनिक समय, मथुरा।** कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी से जेवरात हथियाने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चालीस हजार रुपये बरामद किए हैं।

कोतवाली पुलिस ने भूतेश्वर रेलवे स्टेशन के समीप चाय के खोखे से धोखाधड़ी कर जेवरात हड़पने के मामले में अभियुक्त महेंद्र निवासी रूई की मंडी आगरा और मनोज उर्फ बल्ला गुरू निवासी चक्की वालीगली थाना शाहगंज आगरा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चालीस हजार रुपये की नकदी बरामद की है।

# जेसीआई मथुरा ग्रेटर की अवॉर्ड नाइट में प्रतिभाओं का सम्मान


जेसीआई मथुरा ग्रेटर के कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी।


**यूनिक समय, मथुरा।** जेसीआई मथुरा ग्रेटर ने अपना ग्रेट डे अवॉर्ड नाइट के रूप में मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज अग्रवाल (सर्राफ) ने की, जबकि संचालन यश गुप्ता ने किया। इस दौरान संस्था के सदस्यों को विभिन्न श्रेणियों में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कमल पुत्र अवॉर्ड मनीष अग्रवाल (माला वाले), फर्स्ट लेडी अवॉर्ड मोहिनी अग्रवाल, लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड राजेन्द्र अग्रवाल (हाथी वाले), बेस्ट परफॉर्मर अवॉर्ड यश गुप्ता, एवर–ग्रीन अवॉर्ड प्रभात अग्रवाल, मास्टर–स्टोन अवॉर्ड पी.डी. खंडेलवाल और लीडर–शीप अवॉर्ड किशोर मित्तल को प्रदान किया गया।

### सात श्रेणियों में दिए पुरस्कार, मनीष अग्रवाल होंगे वर्ष 2027 के अध्यक्ष

राजेन्द्र अग्रवाल (हाथी वाले) ने वर्ष 2027 के अध्यक्ष के रूप में मनीष अग्रवाल (माला वाले) के नाम की घोषणा की। कार्यक्रम में संदीप-मीनाक्षी अग्रवाल, रितेश-आशा अग्रवाल, नितिन-नीलम, सौरभ-कनिका, अनूप-गौरी, वाणी अग्रवाल, वरुण गर्ग, गोरुल-यति, अंशुल, शैलेश अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, पंकज मित्तल और कपिल-पारुल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# पारसौली में मुख्यालय के बाद सूरदास ब्रज भाषा अकादमी का संचालन शुरू


पारसौली में स्थापित सूरदास ब्रज भाषा अकादमी का भवन।

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रज भाषा के संरक्षण और साहित्यिक–सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में सूरदास ब्रज भाषा अकादमी अब धरातल पर उतर आई है। गोवर्धन क्षेत्र के पारासौली स्थित सूरकुटी–चंद्रसरोवर में अकादमी का मुख्यालय तैयार होने के बाद उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने इसके संचालन की व्यवस्था पूरी करते हुए निदेशक समेत विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार ने ब्रज भाषा के संरक्षण, ब्रज साहित्य के विकास और इसके व्यापक प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से अकादमी का गठन किया था। परिषद की मुख्य कार्यपालक अधिकारी लक्ष्मी नागप्पन ने बताया कि लंबे समय से ब्रज भाषा प्रेमियों की ओर से अकादमी की मांग की जा रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने यह पहल की।

पारसौली में बने मुख्यालय में अकादमी के साथ पुस्तकालय, सेमिनार भवन और व्याख्या केंद्र जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। परिसर में महाकवि सूरदास समेत विभिन्न कवियों की प्रतिमाएं और उनके जीवन और साहित्य से जुड़ी सामग्री भी प्रदर्शित की गई है। सीईओ ने कहा कि ब्रज भाषा केवल बोलचाल का माध्यम नहीं, बल्कि हिंदी की समृद्ध साहित्यिक परंपरा की महत्वपूर्ण भाषा रही है। सूरदास, रसखान और मीराबाई समेत अनेक भक्त कवियों ने इसे व्यापक पहचान दी। अकादमी के संचालन से साहित्यकारों, शोधार्थियों, कलाकारों और भाषा प्रेमियों को संस्थागत मंच मिलने की उम्मीद है।

# हत्या के प्रयास में अभियुक्त को आठ साल नौ माह की कैद

**यूनिक समय, मथुरा।** अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या चार अनुराग शर्मा ने हत्या का प्रयास करने वाले अभियुक्त गोविंद को आठ वर्ष नौ माह की सजा और 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रजनीश कुमार सिंह ने बताया कि गौरव शर्मा निवासी कोसीकलां ने दर्ज रिपोर्ट में कहा कि उसके ताऊ और उनके लड़के उससे दुश्मनी मानते हैं। कई बार हमला कर चुके हैं। उनकी नजर मेरे मकान पर है। एक अगस्त 2012 को ताऊ के लड़के गोविंद ने घर पर आकर उसे जान से मारने की नीयत से हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। पुलिस ने गोविंद को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या चार अनुराग शर्मा के न्यायालय में हुई। न्यायाधीश ने गवाहों की गवाही और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त गोविंद को उक्त सजा से दंडित किया।

# जड़ी–बूटियों के दिव्य महाअभिषेक से महके स्वामी हरिदास


स्वामी हरिदास का अभिषेक करते पूर्व सांसद विनय कटियार, साथ हैं महामंडलेश्वर राधा प्रसाद देव जू, महंत मोहिनी बिहारी शरण आदि।

**यूनिक समय, वृंदावन।** श्री स्वामी हरिदास के 546वें आविर्भाव महोत्सव के चतुर्थ दिवस पर राधा प्रसाद धाम में जड़ी–बूटियों, औषधीय द्रव्यों, सुगंधित पदार्थों और पवित्र जल से स्वामी हरिदास का विशेष महाअभिषेक किया गया। श्री स्वामी हरिदासीय रसोपासना पीठ के पीठाधीश्वर और श्री राधा प्रसाद सेवा ट्रस्ट के संरक्षक महामंडलेश्वर राधा प्रसाद देव जू के सान्निध्य में आयोजित अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता-राम जन्मभूमि आंदोलन में शामिल पूर्व सांसद विनय कटियार अपने पुत्र अनुज कुमार के साथ पहुंचे। वैदिक मंत्रोच्चार और हरिनाम संकीर्तन के बीच उन्होंने स्वामी हरिदास का जड़ी–बूटियों से अभिषेक कर आराधना की। इस दौरान पूरा परिसर जयघोष और भक्ति रस से गूंजता रहा। विनय कटियार ने कहा कि स्वामी हरिदास महान संत, संगीत साधक और भारतीय संस्कृति के प्रेरणास्रोत हैं।

महामंडलेश्वर राधा प्रसाद देव ने कहा कि स्वामी हरिदास की भक्ति परंपरा प्रेम, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का संदेश देती है। महंत मोहिनी बिहारी शरण ने बताया कि महोत्सव में दिनभर भजन–कीर्तन और समाज गायन चलता रहा। भजन संध्या में रसिक वैष्णवाचार्य विष्णु बाबा ने प्रस्तुति दी।

### बजरंग दल के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक विनय कटियार ने की आराधना

इस अवसर पर महंत गंगा दास, राम सजीवन मिश्रा, सौरभ गौड़, कृष्ण कांत अग्रवाल (पूर्व चेयरमैन राया), अनमोल कृष्ण महाराज, प्रिय दास, वैष्णव दास, नवल सखी, डॉ. तनुजा विश्वास और स्मृति विश्वास सहित अनेक संत, भक्त और ब्रजवासी उपस्थित रहे।

## सूचना

मैं सीमा पत्नी श्री देवेन्द्र सिंह निवासी चैतन विहार फेस–2 वृन्दावन मथुरा उत्तर प्रदेश। मेरा नाम पी.एन.बी. मेटलाइफ इंशोरेंस जिसका पॉलिसी नं.–24223557 CLIENT ID-58758417 है जिसमें शपथकर्ती का नाम सीमा राघव दर्ज है जोकि गलत है जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम सीमा दर्ज है जोकि सही व सत्य है। अब से भविष्य के सभी कामों के लिए मुझे सीमा नाम से जाना, पढ़ा एवं लिखा जाए।

**यूनिक समय**

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।

**कार्यालय:-** यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।

संपादक–पवन गौतम

**फोन नंबर-0565-3550761**

**मो. 9837155888**

E-mail : uniquesamaynews@gmail.com

website : uniquesamay.com

RNI-UPHIN/2023/85053

DAVP-: 134220

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28

सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।

# ब्रज का मूल भाव है शास्त्रीय संगीत : विवेक अग्रवाल

### स्वामी हरिदास संगीत महोत्सव में युवाओं की भागीदारी पर जोर 18-19 सितंबर को बन महाराज कॉलेज में आयोजन

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रज की सांस्कृतिक पहचान में शास्त्रीय संगीत और नृत्य की परंपरा का विशेष स्थान है। 18 और 19 सितंबर को वृंदावन के बन महाराज कॉलेज में होने वाले दो दिवसीय स्वामी हरिदास संगीत- नृत्य महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

आयोजकों की ओर से युवाओं को महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इसी क्रम में समिति सदस्य निखिल भारद्वाज ने जीएलए विश्वविद्यालय के सीएफओ डॉ. विवेक अग्रवाल को महोत्सव का आमंत्रण दिया। विवेक अग्रवाल ने कहा कि शास्त्रीय संगीत समूचे ब्रज का मूल भाव है। इस परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं को भारतीय संगीत और नृत्य की विरासत से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि दोनों दिन संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिमय होगा।



जीएलए विश्वविद्यालय में सीएफओ डा. विवेक अग्रवाल को स्वामी हरिदास संगीत एवं नृत्य महोत्सव का आमंत्रण प्रदान करते समिति सदस्य निखिल भारद्वाज ।

### 18 सितंबर को होंगे संगीत और कथक के कार्यक्रम

पहले दिन शाम सात बजे दीप प्रज्वलन से शुभारंभ होगा। कृष्ण वंदना, अजीत सिंह और स्वामी हरिदास अकादमी के विद्यार्थियों की कथक प्रस्तुति, विशाल कृष्ण, वसुंधरा शर्मा का कथक, प्रकृति वहने- संस्कृति वहने का संतूर-सितार वादन होगा। मनाली बॉस, रामकुमार मिश्रा और धर्मनाथ मिश्रा शास्त्रीय गायन प्रस्तुत करेंगे।

### 19 सितंबर को सूफी-भक्ति संगीत और कवि सम्मेलन

दूसरे दिन प्रियानी वाणी पंडित की रागीत-सूफी और भक्ति संगीत प्रस्तुति होगी। कवि सम्मेलन में पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी, शशिकांत यादव, मनवीर मधुर, शम्भु शिखर, स्वयं श्रीवास्तव और मुमताज नसीम शामिल होंगे।

## जेसी महान दिवस में प्रतिभाओं और वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान



जेसीआई मथुरा के कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी।

### जेसीआई मथुरा के जेसी वीक-2026 का हुआ समापन, उल्लेखनीय योगदान पर मिले सम्मान

**यूनिक समय, मथुरा।** जेसीआई मथुरा की ओर से जेसी वीक-2026 के समापन पर जेसी महान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों ने सहभागिता की। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए सदस्यों को सम्मानित किया गया।

कमल पत्र सम्मान से जेसी उमेश गोयल जोहरी और लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से जेसी दिनेश अग्रवाल गुडेरा वाले को सम्मानित किया गया। उपस्थित सदस्यों ने सम्मानित सदस्यों के योगदान की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं। संचालन सुगंधा अग्रवाल ने किया। इस दौरान अध्यक्ष जेसी संजीव अग्रवाल, आईपीपी जेसी विशाल गोयल, कोषाध्यक्ष जेसी अतुल अग्रवाल, सचिव जेसी प्रदीप अग्रवाल, चेयरपर्सन लेडी जेसी शिखा बंसल, लेडी जेसी उपासना गुप्ता, जेसी बांके वर्मा, जेसी मोहन लाल अग्रवाल (कांठी माला वाले) और जेसी सुनील अग्रवाल (कनुआ) सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सदस्यों ने जेसी वीक के दौरान हुए सेवा, सामाजिक और मनोरंजक कार्यक्रमों में सहयोग के लिए एक-दूसरे का आभार जताया।

## जेसीआई मथुरा सिटी ने मनाया महान दिवस, कार्यक्रमों का समापन



जेसीआई मथुरा सिटी के कार्यक्रम में मौजूद मन्नत ग्रुप के सीएमडी रितेश अग्रवाल और पदाधिकारी।

### होटल हीरा कुंज रेजीडेंसी में हुआ आयोजन, मुख्य अतिथि रितेश अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि प्रेम पाल भाटी रहे

**यूनिक समय, मथुरा।** जेसीआई सप्ताह के सातवें दिन 16 सितंबर को जेसीआई मथुरा सिटी की ओर से महान दिवस का आयोजन स्थानीय होटल हीरा कुंज रेजीडेंसी में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मन्नत ग्रुप के सीएमडी रितेश अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ न्यूरो सर्जन प्रेम पाल भाटी रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत जेसीआई मथुरा सिटी के अध्यक्ष संतोष सिंघल ने की। उन्होंने सप्ताहभर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी साझा करते हुए संस्था की गतिविधियों और उद्देश्यों पर विचार रखे।

इस दौरान सदस्यों ने पूरे सप्ताह आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता और सहयोग के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में अध्यक्ष संतोष सिंघल, रेखा सिंघल, सचिव गोविंद अग्रवाल, प्रेरणा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष तन्मय खंडेलवाल, रितु खंडेलवाल, रुचिर गोयल, गोपाल अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, मधुर अग्रवाल, नुपुर अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, राधा रमन अग्रवाल, रुक्मणी अग्रवाल, गुलशन खंडेलवाल, दक्षता खंडेलवाल, अग्रिम अग्रवाल, कृतिका अग्रवाल, हिमांशु गोयल, विनीत अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, राहुल गोयल, अनुभा गोयल और रूपेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में 45 टीमों ने दिखाया नवाचार



हैकाथॉन में विजेता टीम के विद्यार्थियों को सम्मानित करते संस्थान के चेयरमैन ई. नितिन मित्तल।

### वेरिटास प्रथम, चटपटे माइंड्स द्वितीय और इनोवेटएक्स तृतीय रही

**यूनिक समय, मथुरा।** बीएसए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2026 के आंतरिक चरण का आयोजन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग ने इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल और टेक मंथन सीएसई क्लब के सहयोग से किया। प्रतियोगिता में 45 टीमों ने वास्तविक जीवन की समस्याओं पर तकनीकी समाधान प्रस्तुत किए।

12 सदस्यीय निर्णायक मंडल ने नवाचार, तकनीकी व्यवहार्यता, समस्या समाधान और समाधान के संभावित प्रभाव के आधार पर टीमों का मूल्यांकन किया। टीम वेरिटास ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 5100 रुपये, टीम चटपटे माइंड्स ने द्वितीय स्थान पर 3100 रुपये और टीम इनोवेटएक्स ने तृतीय स्थान पर 2100 रुपये का पुरस्कार जीता। टीम वन टच और टीम क्रॉफ्टेक को सांत्वना पुरस्कार मिले। सभी विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र दिए गए। चेयरमैन इं. नितिन मित्तल ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया। गवर्निंग बोर्ड सदस्य इं. उमंग मित्तल ने विजेता टीमों को राष्ट्रीय स्तर के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम निदेशक प्रो. एस.एस. अग्रवाल, डीन प्रो. लोकेन्द्र शर्मा, एडमिनिस्ट्रेटिव एडवाइजर भगवान सिंह, रजिस्ट्रार आशुतोष दुबे और विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गा पूजा के मार्गदर्शन में हुआ। समन्वयन गोपालजी वार्ष्णेय ने किया।

### चोरी के माल सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**यूनिक समय,मथुरा।** महावन पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे चोरी का माल बरामद किया है। पुलिस ने चंद्रावली मंदिर से पहले आशाराम आश्रम के पास से अभियुक्त सुमित खान निवासी मौहल्ला हसमत नगर थाना रामगढ़ फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की बैट्री, एलईडी टीवी टूल आदि सामान आदि बरामद किया है।

## महिला ने चार लोगों पर लगाया मारपीट का आरोप

**यूनिक समय, बरसाना।** क्षेत्र में एक महिला ने चार लोगों के खिलाफ घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले में थाना में एफआईआर दर्ज की गई।

सुनीता के अनुसार, घटना करीब सुबह 11 बजे की है। वह अपने पति और सास कस्तूरी के साथ घर पर थीं। इसी दौरान उसके बेटे के साथ आए प्रेमपाल, कृपा, गोविंद और योगेश निवासी छाता ने लाठी-डंडों से मारपीट की। सास के मुंह, हाथ और सिर पर गंभीर चोटें आईं, जबकि पति को बिस्तर से उठाकर फेंक दिया गया और उन को भी अंदरूनी चोटें लगीं। डायल 112 पर सूचना देने के बाद आरोपी धमकी देकर मौके से चले गए।

### हाथरस देव छट मेला पर कल से कासगंज-मथुरा के बीच चलेगी ट्रेन

**यूनिक समय,मथुरा।** हाथरस के देव छट मेला को लेकर जिले और अन्य जिलों से जाने वाल यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने कासगंज-मथुरा के बीच एक जोड़ी विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन भीड़ के हिसाब फैरा बढ़ाये जाएऐ। रेलवे के अनुसार, विशेष ट्रेन संख्या 05307 कासगंज-मथुरा जंक्शन तक चलाई जाएगी। 17 से सितंबर देवछट मेला तक चलाई जाएगी। वापसी में भी मेला स्पेशल ट्रेन संख्या 05308 मथुरा छावनी-कासगंज चलाई जाएगी। इससे दोनों दिशाओं में सफर करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त रेल सेवा का लाभ मिलेगा। विशेष ट्रेन में 12 सामान्य श्रेणी के कोच, चेयर कार और दो एसएलआर समेत कुल 14 कोच लगाए गए है।

## चिकित्सा शिविर में 190 वृद्ध माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण

**यूनिक समय, मथुरा।** राधाकुंड स्थित प्योर डिवोशन फाउंडेशन में केडी मेडिकल कॉलेज-हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर और केडी डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की ओर से स्वास्थ्य-दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसमें 190 वृद्ध माताओं का विशेषज्ञ चिकित्सकों ने परीक्षण कर आवश्यकतानुसार निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराईं। शिविर में जनरल मेडिसिन, ऑर्थोपेडिक्स, नेत्र रोग, जनरल सर्जरी, ईएनटी, प्रसूति-स्त्री रोग और मनोरोग विशेषज्ञों ने सेवाएं दीं। दंत चिकित्सकों ने ओरल हेल्थ की जांच के साथ जरूरी परामर्श दिया। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लाभार्थियों को टूथपेस्ट और माउथवॉश भी वितरित किए गए।




स्वास्थ्य-दंत चिकित्सा शिविर में मरीजों के साथ कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी और डॉ. गगनदीप कौर, डॉ. नवप्रीत कौर, डॉ. मनीश भल्ला।

### राधाकुंड के प्योर डिवोशन फाउंडेशन में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दी निशुल्क चिकित्सा और दंत सेवाएं

केडी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी ने बताया कि विश्वविद्यालय का प्योर डिवोशन फाउंडेशन के साथ स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर समझौता है। इसके तहत राधाकुंड और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाली वृद्ध माताओं और अन्य लोगों तक नियमित मेडिकल, डेंटल और कम्युनिटी आउटरीच सेवाएं पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। केडी मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की प्रमुख-वाइस प्रिंसिपल डॉ. गगनदीप कौर और केडी डेंटल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. नवप्रीत कौर और डॉ. मनीष भल्ला के मार्गदर्शन में शिविर आयोजित हुआ। डॉ. निखिल थोराट और डॉ. विदुषी मक्कर ने समन्वय किया। मेडिकल, डेंटल और पैरामेडिकल विद्यार्थियों ने भी व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

डॉ. गगनदीप कौर ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य स्थानीय समुदाय को आसानी से उपलब्ध और विभिन्न विशेषज्ञताओं वाली स्वास्थ्य सेवाएं देना है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने चिकित्सा संस्थानों के माध्यम से उन क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने पर जोर दे रहा है, जहां इनकी पहुंच सीमित है। शिविर में उपचार और परामर्श पाने वाली वृद्ध माताओं ने केडी विश्वविद्यालय के प्रयास की सराहना की। उन्होंने राधाकुंड और आसपास के क्षेत्रों में ऐसी स्वास्थ्य सेवाओं को नियमित रूप से जारी रखने की आवश्यकता बताई।



# कोसी में छह से 22 अक्टूबर तक गूंजेगा जय श्रीराम का जयघोष

**यूनिक समय, कोसीकलां।** ब्रज के प्रसिद्ध लक्खी मेले की आहट सुनाई देने लगी है। रामलीला संस्थान द्वारा आयोजित होने वाला ऐतिहासिक भरत मिलाप महोत्सव इस बार छह अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक धूमधाम से मनाया जाएगा। 17 दिनों तक पूरा नगर राममय होगा। महोत्सव को लेकर बुधवार को रामलीला संस्थान के पदाधिकारियों ने प्रशासनिक अमले से मुलाकात कर व्यवस्थाओं को चाक–चौबंद करने की मांग की है।


थाना प्रभारी कमलेश कुमार को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पत्र देते रामलीला संस्थान के पदाधिकारी।

संस्थान ने बताया कि यह मेला सिर्फ कोसीकलां का नहीं, बल्कि उत्तर भारत का सबसे बड़ा मेला है। मेले के दौरान दूर–दराज से हजारों श्रद्धालु, दर्शक और व्यापारी आते हैं। प्रतिदिन शाम को लाला ग्यालाल स्मृति भवन से प्रतिदिन मनमोहक झांकियां फूलों से सजकर ढोल–नगाड़ों और बैंड–बाजों के साथ नगर के मुख्य बाजारों से होकर गुजरती हैं। संस्थान ने एसडीएम अखिलेश कुमार को पत्र सौप कर मेले को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से कराने के लिए सभी विभागों में समन्वय बनाया जाए।

कानून–व्यवस्था, यातायात, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल, अग्निशमन और स्वच्छता के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए।

थाना प्रभारी कमलेश कुमार से झांकी मार्ग और मेला परिसर में पर्याप्त पुलिस बल, महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस, सादे कपड़ों में पुलिस और जाम से बचने के लिए यातायात पुलिस की तैनाती की

### कोसीकलां में निकलेंगी झांकियां, प्रशासन ने दिया सहयोग का भरोसा

मांग की गई। नगर की सफाई व्यवस्था को लेकर चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल को पत्र सौंपकर झांकी मार्ग, मेला परिसर और आसपास के क्षेत्रों में नियमित साफ–सफाई, कूड़ा उठान, चूना छिड़काव, स्ट्रीट लाइट और पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की गई। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष गिर्राज चौधरी, संयोजक बॉबी ठाकुर, समन्वयक राहुल जैन कामिया, हरिओम गुप्ता, अनुराग तायल, वेद प्रकाश गोयल, कार्तिक चौधरी, सार्थक शर्मा, अनिक जैन, वैभव जैन, युग भारद्वाज, देवेश त्यागी, अमित बठैनिया, हर्ष जैन, नवांशु अग्रवाल, हैप्पी गर्ग आदि मौजूद रहे।

## 29 स्कूली वाहनों के चालान छह वाहन थानों में निरुद्ध

**यूनिक समय, मथुरा।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग का विशेष प्रवर्तन अभियान जारी है। मिशन सेफ फ्यूचर 3.0 के तहत बुधवार को एआरटीओ प्रवर्तन टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में स्कूली वाहनों की जांच की। नियमों का उल्लंघन मिलने पर 29 वाहनों के चालान किए गए, जबकि छह वाहनों को अलग–अलग थानों में निरुद्ध किया गया।

अभियान के दौरान टेंटीगांव सुरीर स्थित श्री विनायक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की बच्चों को ले जा रही अपंजीकृत बस थाना सुरीर में निरुद्ध की गई। जांच में बस करीब पांच वर्ष पुरानी मिली। विद्यालय प्रबंधन को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं एक पब्लिक स्कूल की अपंजीकृत बस को थाना रिफाइनरी क्षेत्र में पकड़ा गया। विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ मान्यता निलंबन या प्रत्याहरण की संस्तुति की गई है। एआरटीओ प्रवर्तन राजेश राजपूत ने विद्यालयों को 19 सितंबर तक विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति गठित कर बैठक कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नियमों की अनदेखी पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

## छाता चीनी मिल में एथेनॉल प्लांट के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

**यूनिक समय, छाता।** छाता चीनी मिल परिसर में प्रस्तावित एथेनॉल प्लांट के विरोध में किसानों और स्थानीय लोगों का धरना बुधवार को भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन घनी आबादी और कृषि क्षेत्र में एथेनॉल प्लांट स्वीकार नहीं किया जाएगा। उनकी मांग है कि यहां केवल चीनी मिल का संचालन किया जाए। धरनास्थल पर पहुंचे कुंवर नरेंद्र सिंह ने प्रदर्शनकारियों से संवाद करते हुए कहा कि एथेनॉल प्लांट से प्रदूषण नहीं होता और इससे क्षेत्र में रोजगार और विकास के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने सरकार के निर्णय को स्वीकार करने की अपील की। इस पर किसानों और ग्रामीणों ने अपनी असहमति जताई। बढ़ते विरोध के बीच पूर्व सैनिक कर्मयोगी ललित ने प्रदर्शनकारियों से शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से आंदोलन जारी रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग स्पष्ट है और आंदोलन को एकजुट होकर आगे बढ़ाया जाएगा।

## कोसीकलां के लाल अभिराज ने जेईई में 99.77 स्कोर कर रचा कीर्तिमान

### टॉप संस्थान एसपीए दिल्ली में मिला दाखिला

**यूनिक समय, कोसीकलां।** कहते हैं मेहनत कभी बेकार नहीं जाती, इसे सच कर दिखाया है कोसीकलां के होनहार अभिराज अग्रवाल ने। राजीव इंटरनेशनल स्कूल के इस मेधावी छात्र ने जेईई मैंस 2026 बी प्लानिंग में 99.77 एनटीए स्कोर' हासिल कर पूरे जिले में इतिहास रच दिया है।

अभिराज की इस शानदार सफलता के चलते उनका चयन देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थान स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए), नई दिल्ली में हुआ है। इससे पहले उन्होंने 12वीं सीबीएसई में 90.8 प्रतिशत' अंक लाकर अपनी प्रतिभा साबित की थी। स्कूल ने गर्व के साथ उन्हें 'हॉल ऑफ अचीवर्स' में सम्मानित किया है। अभिराज रेलवे बोर्ड मेंबर संजय अग्रवाल के पुत्र हैं। वे अपने दादा गोपाल प्रसाद अग्रवाल और पिता



संजय अग्रवाल के संस्कारों पर चलकर आगे बढ़े हैं।

अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष वेदप्रकाश गोयल, लवली सभासद, टिंकुर सभासद, अजीत एडवोकेट, वीरेंद्र एडवोकेट, दान बिहारी नेता समेत अग्रवाल समाज के गणमान्य लोगों ने उन्हें आशीर्वाद दिया। अग्रवाल सभा अध्यक्ष ने कहा कि अभिराज यह सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए मील का पत्थर बनेगी। चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने कहा कि भतीजे की सफलता से पूरा परिवार गौरवान्वित है। अभिराज ने सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, गुरुजनों और ईश्वर को दिया।

## चोरी के माल सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** महावन पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे चोरी का माल बरामद किया है। पुलिस ने चंद्रावली मंदिर से पहले आशाराम आश्रम के पास से अभियुक्त सुमित खान निवासी मौहल्ला हसमत नगर थाना रामगढ़ फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की बैट्री, एलईडी टीवी टूल आदि सामान आदि बरामद किया है।

## चोरी का खुलासा होने पर व्यापारियों ने किया पुलिस अधिकारियों का सम्मान


चोरी का खुलासा होने पर एडीजी एसके भगत को सम्मानित करते व्यापारी, साथ हैं डीआईजी शैलेश पांडेय।

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर में हुई करोडों की बड़ी चोरी की घटना को लेकर जहां व्यापारी वर्ग चिंतित था, वहीं मथुरा पुलिस ने अपनी तेज तर्रार कार्यशैली से सभी को हैरान कर दिया। एसएसपी श्लोक कुमार के कुशल निर्देशन में पुलिस टीम ने मात्र 24 घंटे के भीतर न सिर्फ घटना का सफल खुलासा कर दिया, बल्कि चोरी गया पूरा माल भी बरामद कर लिया।

पुलिस की इस अभूतपूर्व सफलता की जनपद में चर्चा हो रही है। पुलिस की इस कार्य कुशलता से अभिभूत होकर भाजपा नेता तरुण सेठ के नेतृत्व में व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस लाइन मथुरा के सभागार में पहुंचकर पुलिस के आला अधिकारियों का स्वागत-सम्मान किया।

व्यापारियों ने एडीजी एसके भगत, डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय, एसएसपी श्लोक कुमार, एसपी देहात सुरेश चंद्र रावत, सीओ छाता भूषण वर्मा और एसओ कोसीकलां कमलेश कुमार, कस्बा चौकी इंचार्ज दुष्यंत कौशिक को बांके बिहारी का चित्र भेंट कर आभार जताया।

व्यापारियों ने कहा कि मथुरा पुलिस ने साबित कर दिया है कि अपराधी चाहे कितना भी शातिर क्यों न हो, वह पुलिस की नजर से बच नहीं सकता है। इस दौरान अमित कुमार उर्फ मौना सराफ , डॉ. राजेश मंगला, मनीष कादोनिया, गिरीश अग्रवाल, राहुल सोनी, शशांक सोनी, गोविंद अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## कमल किशोर वार्ष्णेय को मिला 'वार्ष्णेय रत्न सम्मान, दिल्ली में गूंजा कोसीकलां का नाम

**यूनिक समय, कोसीकलां।** मथुरा जनपद के लिए गर्व और कोसीकलां के लिए ऐतिहासिक क्षण। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी कमल किशोर वार्ष्णेय को राजधानी दिल्ली में समाज के सर्वोच्च और सबसे प्रतिष्ठित 'वार्ष्णेय रत्न सम्मान' से अलंकृत किया गया है।

श्री वैश्य वार्ष्णेय कृष्ण जन्माष्टमी समारोह सभा दिल्ली द्वारा आयोजित 24वें राष्ट्रीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में यह सम्मान दिया गया। जैसे ही मंच से कोसीकलां के लाल कमल किशोर वार्ष्णेय के नाम की घोषणा हुई, पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। समारोह में उन्हें अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभा की 17वें अंक की स्मारिका का भी विमोचन किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद भावुक होते हुए कमल किशोर वार्ष्णेय ने कहा कि यह सम्मान मेरे अकेले का नहीं, यह मेरे कोसीकलां के हर वार्ष्णेय बंधु, मेरे परिवार और मेरे शुभचिंतकों का सम्मान है। मैं जीवनभर समाज सेवा के लिए समर्पित रहूंगा। भाजपा, व्यापार मंडल, कुश्ती संघ सहित सभी सामाजिक संगठनों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे जनपद का गौरव है।

## कल से सेवा संकल्प अभियान रक्तदान से होगी शुरुआत


अग्रसेन नगर में हुई बैठक में मौजूद भाजपा पदाधिकारी।

**यूनिक समय, कोसीकलां।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने पर भाजपा का सेवा संकल्प अभियान गुरुवार से शुरू होगा। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से विभिन्न सेवा-जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मंगलवार देर शाम अग्रसेन नगर में हुई बैठक में जिला उपाध्यक्ष कमल किशोर वार्ष्णेय ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। भगवती मंदिर और गोमती कुंड पर दीपदान कार्यक्रम होगा। मंडल अध्यक्ष सौरभ जैन और मंडल उपाध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा कि अभियान के दौरान केंद्र-प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने पर जोर रहेगा। जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय ने बताया कि अभियान में 25 वर्षों के 25 सेवा कार्य की अवधारणा रखी गई है। प्रत्येक कार्यकर्ता इनमें से किसी एक सेवा कार्य को अपनाकर उसमें सहभागिता करेगा। अभियान के दौरान युवा सहभागिता, जनसंपर्क, सेवा गतिविधियों और नवाचार से जुड़े कार्यक्रम भी होंगे। बैठक में राजेश अग्रवाल, विनय उपाध्याय, दीपक बडगुजर, अजय चौमुहिया, भगवत गुप्ता, टिंकू अग्रवाल, सौरभ वाल्मीकि, पवन बंसल, सुंदर पटेल, मयंक ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## भरत मिलाप मेले से पहले नगर में चोरों का खौफ

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर का ऐतिहासिक और विश्व प्रसिद्ध श्री राम–भरत मिलाप मेला अक्टूबर में शुरू होने जा रहा है, लेकिन मेले की खुशी से पहले नगरवासियों के चेहरों पर चोरों का खौफ साफ देखा जा रहा है। लोगों में एक ही चर्चा है कि घर को सूना छोड़कर मेला देखने कैसे जाएं।

नगरवासियों ने बताया कि पिछले साल जब पूरा नगर राम-भरत मिलाप मेले की भक्ति में डूबा था, तभी चोरों ने अपना कहर बरपाया था। लोग अपने घरों में ताला लगाकर, अपने छोटे–छोटे बच्चों के साथ बाजार और मेला देखने गए थे।

### लोगों में दहशत का भाव– घर छोड़ कैसे जाएं मेले में

### पिछली बार मेला देखने गए परिवारों के उजड़ गए थे घर

भीड़ का फायदा उठाकर चोरों ने गली–मोहल्लों के सूने पड़े मकानों के ताले तोड़े और घरों को पूरी तरह साफ कर दिया। किसी के घर से सोने–चांदी के जेवरात गायब हुए तो किसी के घर से नकदी और कीमती सामान। जिन परिवारों के घरों में चोरी हुई, उन्हें भारी परेशानियों और आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा था। तभी से लोगों के मन में एक डर बैठ गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें राम–भरत मिलाप मेला देखने से ज्यादा अब अपने घरों की चिंता सताने लगी है। कई परिवार तो इसी डर से मेला देखने भी नहीं जा पाते। वे सोचते हैं कि अगर मेला देखने गए और पीछे से घर में चोरी हो गई तो क्या होगा? इस डर के कारण मेले की रौनक पर भी असर पड़ता है। अब नगरवासियों ने पुलिस और प्रशासन से सुरक्षा को लेकर बड़ी मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर पुलिस गली–मोहल्ले में सख्त पहरा दे, तो ही लोग बेफिक्र होंगे। मेले के दौरान हर गली, हर मोहल्ले और हर चौराहे पर पुलिस की पैदल गश्त और बाइक गश्त जरूरी है। सादा वर्दी में पुलिसकर्मी तैनात हों, ताकि चोरों में खौफ पैदा हो। लोगों का साफ कहना है कि पुलिस की सतर्कता ही मेले की असली रौनक लौटा सकती है। अगर उनके घर सुरक्षित रहेंगे, तभी वे अपने पूरे परिवार के साथ बेफिक्र होकर श्रीराम–भरत मिलाप मेले का आनंद ले सकेंगे।

## सुविचार

जो स्वयं पर विश्वास रखता है उसके लिए कोई मंजिल असंभव नहीं होती।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | षष्ठी | 08:59-10:48 तक | पक्ष | कृष्ण पक्ष |
| नक्षत्र | अनुराधा | 05:22-07:53 तक | माह | भाद्रपद |
| सूर्योदय | | 6:14 AM | चन्द्रोदय | 11:48 AM |
| सूर्यास्त | | 6:29 PM | चंद्रास्त | 10:28 PM |
| सूर्य राशि | | सिंह राशि | चंद्र | वृश्चिक राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 11:51AM –12:41 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 04:37-05:25 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | | 01:53 PM: 03:25 PM | वार | गुरुवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# आटे पर उंगलियों की छाप के पीछे छिपी है पुरानी मान्यता



### दादी-नानी की रसोई से चली परंपरा का पितरों और अन्न से जुड़ा है संबंध

### गोल आटे को पिंड के आकार से जोड़ते हैं

### अन्न के सम्मान और बरकत से भी जुड़ी परंपरा

**यूनिक समय, मथुरा।** रसोई में आटा गूंथने के बाद उस पर उंगलियों के छोटे-छोटे निशान बनाते हुए आपने घर की बुजुर्ग महिलाओं को जरूर देखा होगा। आज भले ही यह आदत सामान्य नजर आती हो, लेकिन इसके पीछे धार्मिक मान्यताओं के साथ पुरानी घरेलू परंपराएं भी जुड़ी हैं। कई परिवारों में गूंथे हुए आटे को बिल्कुल गोल और चिकना छोड़ने के बजाय उसकी सतह पर उंगलियों की छाप बनाने की परंपरा आज भी जारी है।

धार्मिक मान्यताओं में पूरी तरह गोल आटे की तुलना पिंड के आकार से की जाती है। हिंदू परंपरा में पिंड का संबंध पितरों के श्राद्ध और तर्पण से माना जाता है। इसी कारण कुछ परिवारों में गूंथे आटे को बिल्कुल गोल छोड़ना उचित नहीं माना जाता और उसकी सतह पर उंगलियों के निशान बना दिए जाते हैं।

हालांकि, यह एक धार्मिक और लोकमान्यता है। आटे पर उंगलियों के निशान बनाने से पितृ दोष दूर होने का कोई वैज्ञानिक प्रमाण या सर्वमान्य ज्योतिषीय नियम नहीं है। पितृ दोष से जुड़ी मान्यताओं के लिए अलग धार्मिक विधियां बताई जाती हैं। सनातन परंपरा में अन्न को जीवन और समृद्धि का आधार माना गया है। इसी वजह से रसोई में अन्न का सम्मान और स्वच्छता महत्वपूर्ण मानी जाती है। कई परिवार आटे पर उंगलियों के निशान बनाने की परंपरा को मां अन्नपूर्णा की कृपा और घर की सुख-समृद्धि से जोड़ते हैं।

MANNAT
GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

इसका एक व्यावहारिक कारण भी हो सकता है। पुराने समय में महिलाएं आटा पहले से गूंथकर रखती थीं। उंगलियों के निशान से यह पहचानना आसान होता था कि आटा गूंथा हुआ है और रोटी बनाने के लिए तैयार है। यानी दादी-नानी की यह आदत धार्मिक विश्वास के साथ-साथ रसोई की पुरानी व्यवस्था का हिस्सा भी रही हो सकती है। इसलिए इस परंपरा को आस्था, लोकविश्वास और घरेलू व्यवहार-तीनों के मेल के रूप में देखा जा सकता है।

# काले या सफेद तिल, सेहत के लिए दोनों फायदेमंद



### काले तिल में एंटीऑक्सीडेंट, सफेद तिल में भी जरूरी पोषक तत्वों की भरमार

**यूनिक समय, मथुरा।** काले और सफेद तिल दोनों ही पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इनमें प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और मैग्नीशियम जैसे जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं। हालांकि, दोनों के रंग, स्वाद और कुछ पोषक गुणों में अंतर होता है। काले तिल के बाहरी छिलके में प्राकृतिक यौगिक पाए जाते हैं, जो एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करते हैं और शरीर को ऑक्सीडेटिव तनाव से बचाने में मदद कर सकते हैं।

सफेद तिल का बाहरी छिलका आमतौर पर हटा हुआ होता है। इनमें प्रोटीन, कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्नीशियम और असंतृप्त वसा पाए जाते हैं। स्वाद हल्का होने के कारण इन्हें मिठाइयों, पोहा और अन्य व्यंजनों में आसानी से शामिल किया जा सकता है।

काले या सफेद तिल में से किसी एक को सभी के लिए बेहतर नहीं माना जा सकता। दोनों संतुलित आहार का हिस्सा हो सकते हैं। तिल में वसा और कैलोरी अधिक होती है, इसलिए इनका सेवन सीमित मात्रा में करना उचित है।

# कारों पर 3 .35 लाख तक छूट, शर्तों के साथ ऑफर




### कीमतें बढ़ाने के बाद कंपनियों ने त्योहारी सीजन में बढ़ाए लाभ एक्सचेंज और स्क्रैपेज से बढ़ रहा आंकड़ा

**यूनिक समय, मथुरा।** त्योहारी सीजन शुरू होते ही कार कंपनियों और डीलरों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए भारी छूट और बेनिफिट की पेशकश शुरू कर दी है। खास बात यह है कि कई कंपनियां हाल के महीनों में कीमतें बढ़ा चुकी हैं। अब डीलर स्तर पर अलग-अलग मॉडल पर 3.35 लाख रुपये तक के लाभ बताए जा रहे हैं।

टाटा मोटर्स की कर्व ईवी पर 3.35 लाख और हैरियर ईवी पर 2.75 लाख रुपये तक के बेनिफिट की लिस्टिंग है। इनमें नकद छूट के साथ एक्सचेंज और स्क्रैपेज लाभ भी शामिल हैं। महिंद्रा की कुछ एसयूवी पर 2.5 लाख रुपये तक के लाभ बताए गए हैं। होंडा एलिवेट पर 2.44 लाख और मारुति विक्टोरिस के हाइब्रिड मॉडल पर 1.35 लाख रुपये तक की छूट है। हुंडई क्रेटा पर भी डीलर स्तर पर लाभ उपलब्ध हैं।

डीलर लिस्टिंग के मुताबिक अगस्त में करीब 38-40 दिन का स्टॉक था। बढ़ते स्टॉक को कम करने के लिए कंपनियां बिक्री और मुनाफे के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, घोषित अधिकतम लाभ का पूरा फायदा हर ग्राहक को मिलना जरूरी नहीं है, क्योंकि मॉडल, एक्सचेंज और अन्य शर्तें लागू हैं।

# आईफोन में भी मिलेगा भूकंप अलर्ट



### शाओमी, ओप्पो और वीवो में सुविधा पहले से, आईफोन में सिस्टम-लेवल इंटीग्रेशन की तैयारी

### चीन कर रहा एप्पल से बात


**यूनिक समय, मथुरा।** चीन में आईफोन यूजर्स को जल्द भूकंप की पूर्व चेतावनी मिलने की सुविधा मिल सकती है। चीन भूकंप प्रशासन ने बताया है कि आधिकारिक भूकंप पूर्व-चेतावनी प्रणाली को आईओएस में शामिल करने के लिए एप्पल से बातचीत चल रही है। फिलहाल चीन में शाओमी, ओप्पो, वीवो और हुवावे जैसे ब्रांड्स के फोन में यह सुविधा सिस्टम स्तर पर उपलब्ध है।

चीन भूकंप नेटवर्क सेंटर एपल के साथ इस मुद्दे पर सक्रिय बातचीत कर रहा है। अधिकारियों के अनुसार, आईओएस में आधिकारिक चेतावनी को जल्द शामिल करने की कोशिश की जा रही है। यह प्रक्रिया 2025 से चल रही है और अब तक कई दौर की बातचीत हो चुकी है।

फिलहाल आईफोन यूजर्स वीचैट के मिनी प्रोग्राम के जरिए आधिकारिक भूकंप चेतावनी प्राप्त कर सकते हैं। चीन में जुलाई 2024 में बड़े पैमाने पर भूकंप पूर्व-चेतावनी नेटवर्क शुरू किया गया था, जिसके बाद 700 से अधिक चेतावनियां जारी की जा चुकी हैं।

प्राधिकरण के अनुसार, सेल ब्रॉडकास्ट तकनीक के जरिए मोबाइल टावरों से चेतावनी सीधे फोन तक पहुंचाई जा सकती है। इसके लिए मोबाइल ब्रांड के सिस्टम में आधिकारिक एकीकरण जरूरी है।

# सप्लीमेंट का बढ़ता बाजार, फायदे पर सवाल




### अमेरिका में 10 में से 8 वयस्क करते हैं इस्तेमाल

### 21.85 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा वैश्विक बाजार

**यूनिक समय, मथुरा।** विटामिन, प्रोटीन पाउडर और अन्य हेल्थ सप्लीमेंट्स के फायदे का खूब प्रचार किया जाता है, लेकिन इनके व्यापक स्वास्थ्य लाभों को लेकर वैज्ञानिक प्रमाण सीमित हैं। हार्वर्ड के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पीटर कोहेन के अनुमान के मुताबिक, सप्लीमेंट्स की खपत का 80 से 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा ऐसा है, जिससे लेने वाले व्यक्ति को कोई सिद्ध स्वास्थ्य लाभ नहीं मिलता। हालांकि, पोषक तत्वों की कमी दूर करने और कुछ जन्मजात विकृतियों से बचाव जैसी परिस्थितियों में सप्लीमेंट उपयोगी हो सकते हैं। मार्केट रिसर्च फर्म ग्रैंड व्यू के अनुसार, वैश्विक सप्लीमेंट बाजार करीब 21.85 लाख करोड़ रुपये का है। प्यू रिसर्च सेंटर के सर्वे में अमेरिका के करीब 10 में से आठ वयस्कों के कम से कम एक डाइटरी सप्लीमेंट लेने की बात सामने आई है। इनमें लगभग एक-तिहाई लोग प्रोटीन पाउडर, बार या प्रोटीन पेय का इस्तेमाल करते हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, सप्लीमेंट का अत्यधिक सेवन स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। विटामिन और खनिजों की अधिक मात्रा से विषाक्तता हो सकती है, जबकि कुछ हर्बल उत्पाद लिवर को नुकसान पहुंचा सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अधिकांश लोगों को पर्याप्त प्रोटीन सामान्य भोजन से ही मिल जाता है। दूध, अंडे, दाल, मछली और मांस जैसे प्राकृतिक स्रोतों में प्रोटीन के साथ अन्य जरूरी पोषक तत्व भी मिलते हैं।

1999 से 2023 के बीच 63 हजार से अधिक अमेरिकी वयस्कों के आंकड़ों के अध्ययन में सप्लीमेंट इस्तेमाल करने वालों की हिस्सेदारी 51 से बढ़कर 60 प्रतिशत हुई। 65 वर्ष से अधिक उम्र वालों में इसका इस्तेमाल सबसे ज्यादा पाया गया। मल्टीविटामिन, कैल्शियम और विटामिन-डी के फायदे को लेकर वैज्ञानिक प्रमाण अब भी मिश्रित हैं।

सम्पादकीय

# सिर्फ नंबर वन नहीं संगत भी नंबर वन रखिए

आजकल बच्चों से पूछा जाए कि जिंदगी में क्या बनना है, तो जवाब आता है–डॉक्टर, इंजीनियर, अफसर, वैज्ञानिक या फिर करोड़ों की कंपनी का मालिक। लेकिन एक सवाल शायद ही कोई पूछता है–बनना किसके साथ है?

यही सवाल चीन के युवा एआई उद्यमी यांग झिलिन की कहानी उठाती है। 17 साल की उम्र में राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता, फिर शिंगहुआ यूनिवर्सिटी, प्रतिभाशाली प्रोफेसरों की संगत, शोध और उसके बाद कार्नेगी मेलॉन यूनिवर्सिटी। यानी पढ़ाई के साथ उन्होंने सिर्फ डिग्री नहीं जुटाई, बल्कि अपने आसपास ऐसे दिमाग जुटाए, जिनसे उनकी महत्वाकांक्षा लगातार बड़ी होती गई।



पवन गौतम
संपादक

हमारे यहां मामला थोड़ा अलग है। कॉलेज में प्रवेश लेते ही पहला सवाल होता है–कैंटीन कहां अच्छी है? दूसरा–किस शिक्षक की क्लास में उपस्थिति कम जरूरी है? तीसरा–कौन–सा दोस्त नोट्स भी देगा और परीक्षा से एक रात पहले पूरा पाठ्यक्रम भी समझा देगा? फिर चार साल बाद हम व्यवस्था को दोष देते हैं कि कॉलेज ने हमें कुछ नहीं दिया।

सच यह है कि कॉलेज बहुत कुछ देता है, बस हम अक्सर गलत चीजें लेने में व्यस्त रहते हैं। संगत का असर इतना गहरा है कि अगर पांच दोस्तों में चार का लक्ष्य सिर्फ परीक्षा में पास होना है, तो पांचवें की महत्वाकांक्षा भी धीरे–धीरे उपस्थिति रजिस्टर में सिमट सकती है। वहीं पांच लोग किसी समस्या का समाधान खोजने, शोध करने या कुछ नया बनाने में जुटे हों, तो सामान्य विद्यार्थी भी असामान्य सवाल पूछना शुरू कर देता है।

संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।

इसका मतलब यह नहीं कि हर दोस्त प्रतिभाशाली होना चाहिए और दोस्ती के लिए सीवी मांगा जाए। दोस्ती कोई नौकरी का इंटरव्यू नहीं है। हंसी–मजाक, घूमना और फिल्म देखना भी जिंदगी का जरूरी हिस्सा है। मगर पूरी जिंदगी अगर सिर्फ इन्हीं गतिविधियों की 'ग्रुप स्टडी' बन जाए तो समस्या है। यांग झिलिन की कहानी का बड़ा सबक यही है–महत्वाकांक्षा अकेले पैदा हो सकती है, लेकिन उसे आकार संगत देती है। जिस माहौल में सवाल पूछे जाते हैं, वहां सोच बढ़ती है। जहां सिर्फ शिकायतें होती हैं, वहां शिकायतें ही बढ़ती हैं।

इसलिए मंजिल तय करने से पहले आसपास की भीड़ देखिए। क्योंकि कई बार सफलता का रास्ता किताब में नहीं, आपके बगल में बैठे व्यक्ति के पास खुलता है। निष्कर्ष यह है कि जिंदगी में सिर्फ बेहतर बनने की कोशिश मत कीजिए, बेहतर लोगों के बीच रहने की भी कोशिश कीजिए। हो सकता है वे आपको आगे खींच लें–और अगर न खींचें तो कम से कम आपकी महत्वाकांक्षा को छोटा होने से बचा लें।

नजरिया

# थाली में सजा भारत, दुनिया तक पहुंचा कूटनीति का स्वाद

बोध प्रकाश सगुणी

कूटनीति की दुनिया में संदेश हमेशा भाषणों और समझौतों के जरिए ही नहीं दिए जाते। कई बार एक छोटी–सी मुस्कान, कोई पारंपरिक उपहार या खाने की मेज पर सजा कोई स्थानीय व्यंजन भी देशों के बीच रिश्तों की भाषा बन जाता है। भारत के संदर्भ में यह बदलाव खास तौर पर दिखाई दे रहा है। विदेश नीति की औपचारिक बातचीत के साथ भारतीय भोजन, मिठाइयां, पारंपरिक व्यंजन और स्थानीय उत्पाद भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी जगह बना रहे हैं। इसे केवल मेहमाननवाजी मानना इस पूरी प्रक्रिया को छोटा करके देखना होगा। भोजन किसी देश की संस्कृति, कृषि, परंपरा, जीवनशैली और स्थानीय अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधि होता है। इसलिए जब कोई भारतीय पारंपरिक खाद्य पदार्थ विदेशी मेहमान की मेज तक पहुंचता है तो उसके साथ एक पूरा सांस्कृतिक संदेश भी जाता है।

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दी गई 'मेलोडी' टॉफी का प्रसंग इसका चर्चित उदाहरण बना। टॉफी के नाम और मेलोनी के नाम की समानता ने सोशल मीडिया पर मेलोडी को लोकप्रिय बना दिया। देखने में यह एक सामान्य और हल्का–फुल्का उपहार था, लेकिन ऐसे क्षणों का कूटनीति में अपना महत्व होता है। औपचारिक बैठकों और गंभीर वार्ताओं के बीच एक सहज उपहार संबंधों में व्यक्तिगत गर्माहट का संकेत देता है। खास बात यह भी है कि ऐसे प्रसंग कुछ ही घंटों में करोड़ों लोगों तक पहुंच जाते हैं। यानी राजनयिक मुलाकात का एक छोटा हिस्सा जनसंचार और सांस्कृतिक प्रचार का माध्यम भी बन जाता है।

भारत ने इस बदलते कूटनीतिक परिदृश्य में अपने भोजन और स्थानीय उत्पादों की ताकत को पहचानना शुरू किया है। 2023 में भारत की जी–20 अध्यक्षता के दौरान भी इसकी स्पष्ट झलक दिखाई दी थी। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रमों में भारतीय खान–पान की विविधता को सामने रखा गया। मोटे अनाज, क्षेत्रीय व्यंजन, पारंपरिक मिठाइयां और भारतीय स्ट्रीट फूड को अंतरराष्ट्रीय मेहमानों के सामने प्रस्तुत किया गया। इसका संदेश सीधा था–भारत केवल आर्थिक और राजनीतिक शक्ति नहीं, बल्कि अपनी हजारों साल पुरानी खाद्य परंपराओं और विविध सांस्कृतिक विरासत वाला देश भी है।

भोजन की यही ताकत उसे 'सॉफ्ट पावर' का प्रभावी माध्यम बनाती है। योग, भारतीय सिनेमा, संगीत और



आयुर्वेद की तरह भारतीय खान–पान भी दुनिया में देश की छवि बनाने में योगदान दे सकता है। फर्क सिर्फ इतना है कि भोजन को समझने के लिए किसी लंबी व्याख्या की जरूरत नहीं पड़ती। एक स्वाद सीधे अनुभव में बदल जाता है।

बिहार का ठेकुआ इसी संदर्भ में विशेष महत्व रखता है। छठ जैसे लोकपर्व से गहराई से जुड़ा यह पारंपरिक पकवान जब अंतरराष्ट्रीय मेहमानों या विदेशी मंचों तक पहुंचता है तो उसके साथ बिहार की संस्कृति भी यात्रा करती है। जिस व्यंजन की पहचान कभी घर–आंगन और पर्व–त्योहार तक सीमित थी, वह अब वैश्विक मंच पर भारतीय विविधता का प्रतीक बन सकता है। यह बदलाव केवल स्वाद का नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान के विस्तार का भी संकेत है।

इसी कड़ी में मखाना और सत्तू जैसे उत्पादों का उल्लेख महत्वपूर्ण है। मखाना लंबे समय से बिहार के ग्रामीण जीवन और कृषि अर्थव्यवस्था का हिस्सा रहा है। सत्तू भी साधारण भारतीय भोजन की पहचान रहा है। लेकिन वैश्विक मंच पर इन उत्पादों की मौजूदगी उन्हें स्थानीय रसोई से निकालकर अंतरराष्ट्रीय पहचान की ओर ले जाती है। इससे स्थानीय किसानों, उत्पादकों और छोटे कारोबारियों के लिए नए बाजार की संभावनाएं बन सकती हैं। किसी क्षेत्रीय उत्पाद का अंतरराष्ट्रीय ब्रांड बनना केवल सांस्कृतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि आर्थिक अवसर भी है।

भारत की खाद्य कूटनीति का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यही है कि इसमें संस्कृति और अर्थव्यवस्था एक–दूसरे से जुड़ती हैं। जब किसी विदेशी प्रतिनिधिमंडल को भारतीय मोटे अनाज परोसे जाते हैं तो संदेश केवल यह नहीं होता कि भारत का भोजन विविध है। इसके साथ कृषि, पोषण, पारंपरिक खेती और स्थानीय उत्पादन की कहानी भी सामने आती है। जब कोई क्षेत्रीय मिठाई उपहार के रूप में दी जाती है तो उसके पीछे उस क्षेत्र की कारीगरी, परंपरा और बाजार की संभावनाएं भी जुड़ी होती हैं।

यहां सरकार की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है। किसी स्थानीय उत्पाद को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए केवल उसे विदेशी मेहमानों की मेज तक पहुंचाना पर्याप्त नहीं है। उसके उत्पादन की गुणवत्ता, पैकेजिंग, प्रमाणन, निर्यात क्षमता और आपूर्ति व्यवस्था को भी मजबूत करना होगा। तभी कूटनीतिक उपहार वास्तविक आर्थिक अवसर में बदल सकेगा। अन्यथा अंतरराष्ट्रीय मंच पर मिली पहचान कुछ समय बाद सोशल मीडिया की चर्चा तक सीमित रह जाएगी।

भारत के सामने अवसर बड़ा है। देश के लगभग हर हिस्से के पास अपनी कोई खास खाद्य पहचान है। उत्तर प्रदेश की मिठाइयां, राजस्थान के पारंपरिक व्यंजन, दक्षिण भारत के मसाले और चावल आधारित भोजन, पूर्वोत्तर की विशिष्ट खाद्य परंपराएं, पंजाब का भोजन, कश्मीर के उत्पाद और बिहार के मखाना–सत्तू जैसे खाद्य पदार्थ भारत की सांस्कृतिक विविधता को दुनिया के सामने रखने का माध्यम बन सकते हैं।

इसलिए खाद्य कूटनीति को केवल टॉफी, मिठाई या गिफ्ट पैक तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए। इसे स्थानीय अर्थव्यवस्था, किसानों, कारीगरों और छोटे उद्यमियों से जोड़ने की जरूरत है। विदेश नीति की मेज पर रखा गया कोई व्यंजन तभी बड़ी उपलब्धि बनेगा, जब उसके पीछे खड़े किसान और उत्पादक को भी उसका लाभ मिले।

भारत की ताकत उसकी विविधता है और भोजन उस विविधता की सबसे सहज अभिव्यक्ति। एक थाली में कई प्रदेश, कई परंपराएं और कई पीढ़ियां साथ दिखाई देती हैं। यही कारण है कि कूटनीति की औपचारिक भाषा के बीच भारतीय भोजन अपनी अलग जगह बना रहा है। मेलोडी टॉफी से लेकर ठेकुआ, मखाना और सत्तू तक का सफर बताता है कि दुनिया से रिश्ते केवल समझौतों और बैठकों से नहीं बनते; कई बार रिश्तों में स्वाद भी घुलता है।

जरूरत बस इतनी है कि इस स्वाद को अवसर में बदला जाए–स्थानीय पहचान को वैश्विक बाजार से जोड़ा जाए और कूटनीतिक मेज पर पहुंचे हर भारतीय व्यंजन के साथ उसके किसान, कारीगर और क्षेत्र की कहानी भी दुनिया तक पहुंचे। तब भोजन केवल भारत की मेहमाननवाजी नहीं रहेगा, बल्कि संस्कृति, कारोबार और आत्मनिर्भरता का मजबूत दूत बन सकेगा।

विचार विंडो

# अवैध निर्माण की असली ईंटें सिस्टम की चुप्पी से जुड़ी हैं

राम प्रकाश शर्मा

सरकारी जमीन पर कब्जा और उस पर अवैध निर्माण महज जमीन हथियाने का मामला नहीं है। यह उस पूरी व्यवस्था पर सवाल है, जो जमीन की निगरानी, निर्माण की अनुमति और कार्रवाई की जिम्मेदारी संभालती है। जब कोई व्यक्ति सरकारी जमीन पर दीवार खड़ी करता है, अवैध कॉलोनी बसाता है या बिना स्वीकृति बहुमंजिला इमारत खड़ी कर देता है, तो सवाल केवल कब्जाधारी से नहीं होना चाहिए। सवाल उस तंत्र से भी होना चाहिए, जिसकी आंखों के सामने यह सब होता है और कार्रवाई अक्सर तब होती है, जब मामला बड़ा हो चुका होता है।

अदालतों ने समय–समय पर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को गंभीर अपराध माना है। इसके बावजूद देश के अलग–अलग हिस्सों में सरकारी भूमि, वन भूमि और सार्वजनिक उपयोग की जमीन पर अवैध कब्जे सामने आते रहते हैं। इसका सीधा अर्थ है कि समस्या केवल कानून की कमी नहीं, बल्कि कानून लागू करने वाली व्यवस्था की कमजोरी में भी है।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि अवैध निर्माण रातोंरात नहीं खड़े होते। नींव खोदने से लेकर कई मंजिलें तैयार होने तक कई चरण होते हैं। नक्शा, अनुमति, निरीक्षण, बिजली–पानी का कनेक्शन, व्यावसायिक इस्तेमाल और स्थानीय स्तर पर होने वाली निगरानी–हर चरण में व्यवस्था की भूमिका होती है। फिर भी कार्रवाई अक्सर उस समय होती है, जब निर्माण पूरा हो चुका होता है या कोई हादसा हो जाता है।

यही वजह है कि अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई




को केवल बुलडोजर और मुकदमे तक सीमित रखना समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। निर्माण कराने वाले व्यक्ति के साथ उस अधिकारी की जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए, जिसने नियमों की अनदेखी की, शिकायत के बाद कार्रवाई नहीं की या जानबूझकर आंखें बंद रखीं।

अवैध कॉलोनियों का मामला इससे भी गंभीर है। खाली सरकारी या अन्य सार्वजनिक जमीन पर पहले कब्जा होता है, फिर छोटे–छोटे भूखंड काटे जाते हैं और धीरे–धीरे पूरी बस्ती खड़ी हो जाती है। जब हजारों परिवार वहां बस जाते हैं तो राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक दबाव बढ़ता है। इसके बाद नियमितीकरण की मांग उठती है और वर्षों से नियमों की अनदेखी करने वाला ढांचा धीरे–धीरे स्वीकार्य बनाने की कोशिश होने लगती है।

इस प्रक्रिया का सबसे बड़ा नुकसान उस नागरिक को होता है, जिसने नियमों के मुताबिक जमीन खरीदी और निर्माण कराया। उसे नक्शा पास कराने, शुल्क जमा करने और तमाम कानूनी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है, जबकि अवैध निर्माण करने वाला व्यक्ति कई बार कम लागत में अधिक लाभ हासिल कर लेता है। यदि अंततः वही निर्माण किसी योजना, राहत या नियमितीकरण के जरिए स्वीकार कर लिया जाता है तो कानून का पालन करने वालों के बीच गलत संदेश जाता है।

सरकारी जमीन की सुरक्षा इसलिए केवल राजस्व विभाग, विकास प्राधिकरण या नगर निकाय की जिम्मेदारी मानकर नहीं छोड़ी जा सकती। जमीन का डिजिटल रिकॉर्ड, नियमित भौतिक सत्यापन, उपग्रह और ड्रोन से निगरानी, निर्माण की अनुमति की ऑनलाइन निगरानी तथा शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई जैसे उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करना होगा। सबसे महत्वपूर्ण यह कि कार्रवाई का रिकॉर्ड सार्वजनिक होना चाहिए। किस जमीन पर कब्जा हुआ, किस अधिकारी ने निरीक्षण किया, शिकायत कब मिली और कार्रवाई कब हुई–इन सवालों का जवाब व्यवस्था के पास होना चाहिए।

हादसों के बाद कार्रवाई का तरीका भी बदलने की जरूरत है। यदि किसी अवैध या मानकविहीन भवन में आग लगती है, इमारत गिरती है या लोगों की जान जाती है तो केवल भवन मालिक को जिम्मेदार ठहराकर मामला खत्म नहीं होना चाहिए। अनुमति देने, निरीक्षण करने और सुरक्षा मानकों की निगरानी करने वाले अधिकारियों की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। दोष सिद्ध होने पर जिम्मेदारी पद देखकर नहीं, भूमिका देखकर तय होनी चाहिए।

यह भी समझना होगा कि हर अवैध निर्माण एक जैसा नहीं होता। गरीब या कमजोर वर्ग द्वारा नियमों की अनदेखी और संगठित तरीके से सरकारी जमीन पर कब्जा कर कॉलोनी काटने वाले गिरोह को एक ही नजर से देखना उचित नहीं। छोटे तकनीकी उल्लंघनों के लिए स्पष्ट दंड और सुधार की व्यवस्था हो सकती है, लेकिन सार्वजनिक जमीन की संगठित लूट और सुरक्षा मानकों से खिलवाड़ पर कठोर कार्रवाई जरूरी है।

सरकारें अक्सर अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाती हैं। कुछ समय तक तोड़फोड़ होती है, नोटिस जारी होते हैं और मुकदमे दर्ज होते हैं। फिर कुछ महीनों बाद वही समस्या नए इलाके में दिखाई देने लगती है। इसका मतलब साफ है–कार्रवाई हो रही है, लेकिन बीमारी का स्रोत कायम है।

अब जरूरत ऐसी व्यवस्था की है जिसमें अवैध निर्माण बनने ही न पाए। निर्माण शुरू होते ही उसकी पहचान हो, जिम्मेदार अधिकारी तय हो और शिकायत पर कार्रवाई की समयसीमा निर्धारित हो। सरकारी जमीन की एक–एक इंच भूमि का रिकॉर्ड सार्वजनिक और अद्यतन होना चाहिए।

अवैध निर्माण के खिलाफ असली लड़ाई किसी एक इमारत या कॉलोनी को गिराने की नहीं, उस तंत्र को जवाबदेह बनाने की है जो अवैध निर्माण को जन्म लेने देता है। जब तक कब्जाधारी के साथ संरक्षण देने वाले और लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय नहीं होगी, तब तक बुलडोजर समस्या का अंत नहीं, केवल उसका अगला अध्याय लिखेगा।

# अभिषेक ने पाक बल्लेबाज को पछाड़ा आईसीसी रैंकिंग में लगाई छलांग




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आईसीसी की ताजा टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने एक पायदान की छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान को पीछे छोड़ दिया है। वहीं भारतीय बल्लेबाज ईशान किशन शीर्ष स्थान पर अपना कब्जा बरकरार रखने में सफल रहे हैं। इंग्लैंड के जॉस बटलर को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है।

भारत और अफगानिस्तान के बीच जारी टी20 सीरीज के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन का असर नई रैंकिंग में दिखाई दिया है। ईशान किशन 913 रेटिंग अंकों के साथ दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज बने हुए हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में उन्होंने 42 रन बनाए थे, जबकि दूसरे मुकाबले में 38 रन बनाकर नाबाद रहे। लगातार उपयोगी पारियों के चलते उनकी रेटिंग में भी बढ़ोतरी हुई है।

अभिषेक शर्मा अब 862 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ पहले मुकाबले में अर्धशतकीय पारी खेली थी। इसका फायदा उन्हें रैंकिंग में मिला और वह एक स्थान ऊपर चढ़ गए। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान 848 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

इंग्लैंड के जॉस बटलर ने भी ताजा रैंकिंग में एक स्थान की छलांग लगाई है। श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के पहले मुकाबले में 80 रन की पारी

## ईशान नंबर वन पर अभिषेक दूसरे पायदान पर पहुंचे

## बटलर को फायदा तिलक वर्मा एक पायदान पहुंचे नीचे

खेलने के बाद वह सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। बटलर की इस छलांग का असर भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा की रैंकिंग पर पड़ा है। तिलक 740 रेटिंग अंकों के साथ आठवें स्थान पर चले गए हैं।

भारत–अफगानिस्तान सीरीज का तीसरा मुकाबला अभी बाकी है। इस मैच में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बाद अगली रैंकिंग में फिर बदलाव देखने को मिल सकता है।

# दो करोड़ की फिल्म ने मचाया कमाल, एक करोड़ से ज्यादा दर्शकों ने देखी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** महज 2 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म 'हनुमान अंश' ने बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद से कहीं बड़ी सफलता हासिल की है। सीमित स्क्रीन से शुरू हुई फिल्म की यात्रा अब हजारों शो तक पहुंच चुकी है। फिल्म की टीम के मुताबिक, रिलीज के 40 दिनों में इसे एक करोड़ से ज्यादा दर्शक सिनेमाघरों में देख चुके हैं। 'हनुमान अंश' की शुरुआत महज तीन सिनेमाघरों से हुई थी। शुरुआती दौर में फिल्म को सीमित स्क्रीन मिलीं और बाद में नई फिल्मों की रिलीज के कारण इसकी स्क्रीन संख्या घटकर करीब 25 रह गई। इसके बावजूद दर्शकों के बीच फिल्म की चर्चा बढ़ती गई। सोशल मीडिया पर दृश्यों के वायरल होने और लोगों की जुबानी तारीफ का असर बॉक्स ऑफिस पर दिखा। फिल्म के

## सिनेमाघरों से शुरू हुआ था सफर


निर्देशक विशाल चतुर्वेदी के अनुसार, कई दर्शक फिल्म देखने के लिए 200 से 250 किलोमीटर तक का सफर करके सिनेमाघरों तक पहुंचे। चौथे सप्ताह तक फिल्म करीब 1,200 स्क्रीन पर पहुंच गई। रिपोर्ट के अनुसार, 40वें दिन फिल्म ने करीब 8.25 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया। भारत में इसका कुल नेट कलेक्शन 231.13 करोड़ रुपये, जबकि ग्रॉस कलेक्शन 272.90 करोड़ रुपये बताया गया है।

फिल्म का गाना 'जिद पे आ गई पार्वती' भी काफी लोकप्रिय हुआ है और इसे यूट्यूब पर 4.7 करोड़ से अधिक बार देखा जा चुका है।

# शादीशुदा मर्दों से रिश्तों पर तनीषा की दो टूक

## बोलीं– पत्नी का सम्मान जरूरी

## पुरुष और महिला दोनों की जिम्मेदारी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी ने शादीशुदा पुरुषों के साथ रिश्ते बनाने वाली महिलाओं को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी बेबाक राय साझा की है। उन्होंने कहा कि जानबूझकर किसी शादीशुदा पुरुष के साथ अफेयर करना फेमिनिज्म नहीं कहा जा सकता। तनीषा के मुताबिक ऐसे रिश्ते में उस पुरुष की पत्नी के अधिकारों और भावनाओं की अनदेखी होती है।

तनीषा ने अपने पोस्ट में यह भी कहा कि ऐसे मामलों में केवल दूसरी महिला को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। शादीशुदा पुरुष भी अपने फैसले और रिश्ते के लिए उतना ही जिम्मेदार होता है। उन्होंने ऐसे पुरुषों के चरित्र और जिम्मेदारी पर भी सवाल उठाए। अभिनेत्री ने कहा कि महिलाओं को भी यह समझना चाहिए कि किसी शादीशुदा व्यक्ति के साथ रिश्ता उसकी पत्नी के सम्मान और भावनाओं को प्रभावित कर सकता है। तनीषा की पोस्ट पर सोशल मीडिया यूजर्स की मिली–जुली प्रतिक्रियाएं सामने आईं। कई लोगों ने उनकी बात का समर्थन करते हुए कहा कि विवाहेतर रिश्तों में शामिल दोनों पक्षों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

तनीषा इससे पहले भी महिलाओं के सम्मान और फेमिनिज्म जैसे मुद्दों पर अपनी राय रख चुकी हैं। फिल्मों के अलावा वह 'बिग बॉस 7' और 'खतरों के खिलाड़ी 7' जैसे रियलिटी शो में भी नजर आ चुकी हैं।

# तेज बारिश में बेटे संग गोविंदा ने किया गणपति विसर्जन



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा ने तेज बारिश के बीच बेटे यशवर्धन आहूजा के साथ गणपति बप्पा का विसर्जन किया। दोनों लाल कुर्ते में नजर आए और पूजा–अर्चना के बाद गणपति को भावुक विदाई दी। बारिश के बावजूद गोविंदा और यशवर्धन पूरे भक्ति भाव से विसर्जन की रस्मों में शामिल हुए। पिता–पुत्र की तस्वीरें और वीडियो सामाजिक माध्यमों पर तेजी से प्रसारित हो रहे हैं। गणपति विसर्जन में गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा दिखाई नहीं दीं। उनकी गैरमौजूदगी ने लोगों का

## सुनीता आहूजा नहीं आईं नजर

ध्यान खींचा, हालांकि परिवार की ओर से इसकी कोई वजह नहीं बताई गई है। इससे पहले सुनीता ने बच्चों टीना और यशवर्धन के साथ घर पर गणपति का स्वागत किया था।

फिल्मी काम की बात करें तो गोविंदा फिल्म 'दुनिया दारी' से वापसी की तैयारी में हैं। वहीं यशवर्धन फिल्म 'हीरो की हॉररिन' से फिल्मी दुनिया में कदम रखेंगे।

# दिग्गज कलाकारों से अमिताभ ने सीखा सहजता का हुनर



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सदी के महानायक अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर अपनी फिल्मों के साथ–साथ विचारों को लेकर भी सक्रिय रहते हैं। अपने हालिया ब्लॉग में उन्होंने अभिनय की बारीकियों पर बात करते हुए हिंदी सिनेमा के दिग्गज कलाकार मोतीलाल, गीता बाली और सावित्री को याद किया। अमिताभ ने इन कलाकारों की स्वाभाविक अदाकारी को मिसाल बताते हुए कहा कि उनका अभिनय बनावटी नहीं लगता था, बल्कि वे किरदार को सहजता से जीते थे।

अमिताभ ने ब्लॉग में आत्ममंथन से शुरुआत करते हुए कहा कि जीवन और काम को लेकर विचार करना जरूरी है। उनके मुताबिक, इंसान जब अपने स्वभाव और व्यवहार में सहजता लाता है तो उसकी बात और काम दोनों ज्यादा प्रभावी नजर आते हैं। हर छोटी–बड़ी बात का दिखावा या घोषणा करने के बजाय स्वाभाविक तरीके से आगे बढ़ना ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने इसी सोच को अभिनय से जोड़ते हुए कहा कि कुछ कलाकार पर्दे पर अभिनय

## अमिताभ ने याद किए दिग्गज कलाकार सहजता को बताया सफलता का मंत्र

करते हुए भी अभिनय करते हुए नजर नहीं आते।

उनकी सहजता ही उनकी सबसे बड़ी खूबी होती है। ऐसे कलाकार दर्शकों के दिल में लंबे समय तक जगह बनाए रखते हैं।

इसी संदर्भ में अमिताभ ने मोतीलाल, गीता बाली और सावित्री का उल्लेख किया। मोतीलाल अपनी स्वाभाविक अदाकारी के लिए पहचाने जाते थे, जबकि गीता बाली की जीवंत प्रस्तुति और सावित्री की भावपूर्ण अदाकारी ने दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी।

अमिताभ का यह ब्लॉग अभिनय के साथ–साथ जीवन में भी सहजता और स्वाभाविकता के महत्व को रेखांकित करता है। काम के मोर्चे पर वह इन दिनों 'कौन बनेगा करोड़पति–20' की मेजबानी कर रहे हैं।

# वेस्टइंडीज सीरीज से पहले अगरकर की कुर्सी चर्चा में



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान बुधवार को होने की उम्मीद है। 27 सितंबर से शुरू होने वाली वाइट बॉल सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की सीनियर पुरुष चयन समिति की बैठक दिल्ली में होगी। बैठक में 15 सदस्यीय वनडे टीम को अंतिम रूप दिया जा सकता है। हालांकि टीम चयन से ज्यादा नजरें चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर के भविष्य पर टिकी हैं।

मीडिया रिपोर्टों में दावा किया जा रहा है कि अगरकर का कार्यकाल आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है। हालांकि बीसीसीआई की ओर से इस संबंध में आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। ऐसे में अगरकर को लेकर चल रही चर्चाओं को फिलहाल संभावनाओं और रिपोर्टों के तौर पर ही देखा जा रहा है।

अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति के सामने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए टीम संयोजन तय करने की चुनौती होगी। साथ ही आगामी बड़े टूर्नामेंटों को देखते हुए वरिष्ठ खिलाड़ियों और युवा क्रिकेटरों के बीच संतुलन पर भी फैसला लिया जा सकता है।

अगरकर के कार्यकाल को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का भविष्य भी चर्चा में है।

रिपोर्टों के मुताबिक रोहित 2027 वनडे विश्व कप में खेलने की इच्छा जता चुके हैं, जबकि उनके चयन को लेकर चयन समिति के स्तर पर अलग राय होने की खबरें सामने आती रही हैं।

इसी वजह से अगरकर के कार्यकाल और रोहित के भविष्य को आपस में जोड़कर देखा जा रहा है।

## आज टीम चुनेगी चयन समिति, अगरकर पर फैसला संभव

हालांकि दोनों के बीच मतभेद या किसी विशेष फैसले को लेकर बीसीसीआई की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

रिपोर्टों में यह भी कहा जा रहा है कि अगरकर का कार्यकाल नहीं बढ़ने की स्थिति में नए मुख्य चयनकर्ता के नाम पर विचार हो सकता है। इस दौड़ में पूर्व भारतीय क्रिकेटर पार्थिव पटेल का नाम चर्चा में है। दक्षिण क्षेत्र के चयनकर्ता प्रज्ञान ओझा का नाम भी संभावित दावेदारों में बताया जा रहा है।

फिलहाल आज होने वाली चयन समिति की बैठक के बाद ही टीम इंडिया के वनडे दल और चयन समिति से जुड़े फैसलों की तस्वीर साफ होगी।

# जहां माफिया का खौफ था, वहां अब इलाज की नई पहचान : योगी




## गोरखपुर में आईएमए के चैरिटेबल रक्त केंद्र का किया लोकार्पण

## हर जिले में चिकित्सा सुविधा पहुंचाने का दावा

**यूनिक समय, गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गोरखपुर में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के चैरिटेबल रक्त केंद्र का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और इंसेफ्लाइटिस पर नियंत्रण को लेकर सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। योगी ने कहा कि एक समय प्रदेश के कई जिलों की पहचान माफिया और अपराध से जुड़ी हुई थी। गोरखपुर में चिकित्सकों के अपहरण, रंगदारी और धमकी जैसी घटनाएं होती थीं। उनके अनुसार अब स्थिति बदली है और चिकित्सा क्षेत्र में भी बड़ा विस्तार हुआ है।


मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में कभी इंसेफ्लाइटिस बड़ी स्वास्थ्य चुनौती थी। बीआरडी मेडिकल कॉलेज पर पूरे क्षेत्र का दबाव रहता था। उन्होंने दावा किया कि अब इंसेफ्लाइटिस पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है और गोरखपुर में एम्स तथा सुपर स्पेशियलिटी सुविधाएं उपलब्ध हैं। सरकारी दस्तावेजों में भी पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफ्लाइटिस के मामलों और मौतों में बड़ी कमी दर्ज होने की बात कही गई है।

योगी ने कहा कि प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा का विस्तार हुआ है और सरकार का लक्ष्य प्रत्येक जिले तक मेडिकल कॉलेज की सुविधा पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि एमबीबीएस की सीटें बढ़ी हैं तथा जिला चिकित्सालयों में डायलिसिस की सुविधा विस्तार की जा रही है।

रक्त केंद्र के उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने चिकित्सकों से सामाजिक माध्यमों के जरिए नियमित रक्तदान अभियान चलाने को कहा। साथ ही पेशेवर रक्तदाताओं को लेकर सतर्कता बरतने और रक्त की गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक तकनीक और दवाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं, लेकिन रक्त का निर्माण नहीं किया जा सकता। इसलिए स्वैच्छिक रक्तदान जरूरतमंदों के लिए जीवन बचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

# कार रोकने पहुंची युवती को मारी टक्कर, युवक गिरफ्तार



## जनेश्वर मिश्र पार्क के बाहर विवाद के बाद हुई घटना

## अन्य युवतियों के साथ पहुंचने पर हुआ विवाद

## कार रोकने की कोशिश में टक्कर का आरोप

**यूनिक समय, लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर चार के पास बुधवार सुबह युवती को कार से टक्कर मारने का मामला सामने आया। युवती ने अपने परिचित युवक पर हमला करने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने युवती को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा। पुलिस ने वाहन के पंजीकरण नंबर के आधार पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके साथी की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार युवती ने बताया कि वह शहनवाज अली के साथ पहले संबंध में थी। बुधवार सुबह वह पार्क के पास चाय पीने गई थी। इसी दौरान शहनवाज अपने साथी दानिश और दो अन्य युवतियों के साथ कार से वहां पहुंचा।

युवती का आरोप है कि अन्य युवतियों के साथ संबंध को लेकर उसने विरोध किया, जिसके बाद दोनों पक्षों में विवाद और कहासुनी हुई।

युवती के अनुसार विवाद के बाद शहनवाज और दानिश कार से जाने लगे। उसने कार रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि शहनवाज ने कार से उसे टक्कर मार दी और मौके से निकल गया। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शहनवाज को पकड़ लिया है, जबकि दानिश की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि युवती के आरोपों और घटना क्रम की जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अंकित हत्याकांड में सोशल मीडिया पर दावा करने वाला गायक गिरफ्तार



## गुरुग्राम से पकड़ा गया भूपेंद्र ढींगरा

## वीडियो डालकर खुद हत्या करने की कही थी बात

**यूनिक समय, शामली।** चर्चित गायक अंकित हत्याकांड में वांछित चल रहे गुरुग्राम निवासी गायक भूपेंद्र ढींगरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने हत्याकांड के बाद सामाजिक माध्यम पर वीडियो जारी कर हत्या की जिम्मेदारी लेने का दावा किया था। पुलिस ने उसे गुरुग्राम की कृष्णा कॉलोनी से गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक के अनुसार भूपेंद्र ने सामाजिक माध्यम पर अधिक लोगों तक पहुंच बनाने और चर्चा में आने के लिए हत्याकांड की जिम्मेदारी लेने वाला वीडियो बनाया था। वीडियो में उसने हत्या को खुद अंजाम देने की बात कही थी। इसके बाद पुलिस ने उसे मामले में वांछित आरोपी बनाया और उसकी तलाश शुरू की।

अंकित हत्याकांड की जांच में पुलिस पहले ही सोनीपत निवासी सुमित और मोहित को मुठभेड़ में मार गिराने का दावा कर चुकी है। दोनों पर एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। वहीं करनाल निवासी सत्यम और आर्यन भी मामले में वांछित हैं। पुलिस उनकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार भूपेंद्र से पूछताछ के आधार पर मामले की जांच को आगे बढ़ाया जाएगा।

# विप्रज निगम को एशियाई खेलों में मिला बड़ा मौका



## वरुण चक्रवर्ती के चोटिल होने पर टीम में जगह

## बाराबंकी के युवा खिलाड़ी के चयन से उत्साह

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के युवा क्रिकेटर विप्रज निगम को एशियाई खेल-2026 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। वरुण चक्रवर्ती के चोटिल होने के बाद उनके स्थान पर विप्रज को टीम में जगह मिली है। दाएं हाथ के कलाई के स्पिनर विप्रज निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाजी भी कर सकते हैं। घरेलू और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में उनके प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें यह अवसर मिला है।

मूल रूप से बाराबंकी निवासी विप्रज ने फरवरी में लखनऊ में रहकर अपने खेल को निखारा। उनके प्रदर्शन का असर अब राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई दे रहा है। हाल ही में उनका चयन ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ भारत-ए टीम में भी हुआ था। इसके बाद एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाकर उन्होंने एक और उपलब्धि हासिल की है।

एशियाई खेलों के लिए चुनी गई भारतीय टीम में विप्रज उत्तर प्रदेश से एकमात्र क्रिकेटर बताए जा रहे हैं। उनके चयन की खबर से लखनऊ और बाराबंकी के क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह है। युवा खिलाड़ी के राष्ट्रीय टीम में शामिल होने से स्थानीय स्तर पर भी क्रिकेट प्रतिभाओं को आगे बढ़ने की उम्मीद जगी है।

# पिता की हत्या से टूटा बेटा, बोला कार्रवाई नहीं हुई तो खुद लूंगा बदला



## प्रेम प्रसंग की रंजिश में हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**यूनिक समय, मुजफ्फरनगर।** शाहपुर थाना क्षेत्र के किनोनी गांव में सिक्योरिटी गार्ड सुभाष बालियान की गोली मारकर हत्या के बाद परिवार में दहशत और आक्रोश है। पिता की हत्या से सदमे में आए छोटे बेटे सागर ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। सागर ने कहा कि यदि पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो वह खुद बदला लेने को मजबूर हो जाएगा। हालांकि पुलिस ने अभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की है।

सुभाष 15 सितंबर की सुबह साइकिल से बुढ़ाना मोड़ स्थित एक निजी फैक्टरी में ड्यूटी के लिए जा रहे थे। रास्ते में हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और सीने में गोली मार दी। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

परिजनों ने हत्या का आरोप गांव के सतेंदर और उसके बेटे हरिओम पर लगाया है। पुलिस के अनुसार, सुभाष के बड़े बेटे आकाश का गांव की एक युवती से प्रेम प्रसंग था। करीब एक माह पहले दोनों घर से चले गए थे। युवती के परिवार की शिकायत पर पुलिस ने दोनों को बरामद किया था और आकाश को जेल भेज दिया गया था, जबकि युवती को नारी निकेतन भेजा गया। दो दिन पहले इसी मामले को लेकर गांव में पंचायत हुई थी। परिजनों के मुताबिक, पंचायत में युवती ने आकाश के पक्ष में बयान दिया था। इसके बाद दोनों परिवारों के बीच तनाव और बढ़ गया। पुलिस हत्या के पीछे इसी रंजिश के कोण से भी जांच कर रही है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा के मुताबिक, प्रेम प्रसंग को लेकर रंजिश का पहलू सामने आया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर हमलावरों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने जल्द गिरफ्तारी का भरोसा दिया है।

# कारोबारी हत्याकांड में बहू समेत तीन आरोपी कोर्ट में पेश



## पुलिस ने 24 घंटे की हिरासत मांगी

## जांच में चाबी और कॉल विवरण से जुड़े अहम सुराग मिले

**यूनिक समय, कानपुर।** करोड़पति दवा कारोबारी विनीत मनोचा हत्याकांड में आरोपी बहू शालू, नौकर विशाल गौतम और उसके साथी राजकिशोर को बुधवार को पुलिस ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया। अदालत ने मामले को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में स्थानांतरित कर दिया। पेशी के दौरान शालू दुपट्टे से चेहरा ढकती रही। पुलिस ने तीनों से पूछताछ के लिए 24 घंटे की हिरासत मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 19 सितंबर को होगी।

पुलिस के अनुसार कारोबारी के फ्लैट की चार चाबियां थीं।

जांच में दो चाबियों के अलावा आरोपियों द्वारा परेड चौराहे से बनवाई गई डुप्लीकेट चाबी की बरामदगी भी की जानी है।

पुलिस का दावा है कि घटना से पहले विशाल और राजकिशोर अपार्टमेंट परिसर में करीब 48 मिनट तक घूमे और इस दौरान दोनों के बीच तीन बार फोन पर बातचीत हुई।

पुलिस के मुताबिक विशाल ने हत्या से दो दिन पहले नया सिम लिया था। तीन से छह सितंबर के बीच उसने शालू से सात और कारोबारी के बेटे सुब्रत से छह बार बातचीत की।

पुलिस ने कपल किटी पार्टी की करीब चार घंटे की रिकॉर्डिंग भी कब्जे में ली है।

साथ ही कारोबारी की पत्नी की वर्ष 2022 में तैयार वसीयत की भी जांच की जा रही है। पुलिस हत्या की साजिश और संभावित कारणों की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।

# शमी के भाई पर महिला ने लगाए गंभीर आरोप, केस गाजियाबाद हुआ स्थानांतरित

**यूनिक समय, लखनऊ।** भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी के भाई मोहम्मद कैफ के खिलाफ दर्ज मुकदमा अब गाजियाबाद स्थानांतरित कर दिया गया है। एक महिला ने कैफ पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और बाद में जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। लखनऊ पुलिस की जांच में शिकायत में बताए गए घटनास्थल के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में होने की जानकारी सामने आई। इसके बाद मुकदमा संबंधित थाने भेज दिया गया। महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी कैफ से 2020 में इंटरनेट माध्यम से पहचान हुई थी। दोनों के बीच बातचीत और मुलाकातें बढ़ीं। महिला का आरोप है कि कैफ ने शादी का भरोसा देकर उसके साथ संबंध बनाए। पुलिस अब गाजियाबाद में मामले की जांच करेगी।

# भारतीय नौसेना के जहाज से भिड़ा पाकिस्तानी पोत



### भारत ने जताया कड़ा विरोध,अरब सागर में अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र की घटना

### पाकिस्तानी प्रभारी राजनयिक को विदेश मंत्रालय ने किया तलब

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अरब सागर में अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र के भीतर भारतीय नौसेना के एक जहाज और पाकिस्तानी नौसेना के पोत की टक्कर के बाद दोनों देशों के बीच कूटनीतिक हलचल तेज हो गई है। भारत ने घटना को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को पाकिस्तान के प्रभारी राजनयिक को विदेश मंत्रालय में तलब किया और कड़ा विरोध दर्ज कराया। भारत ने पाकिस्तानी नौसैनिक इकाई के व्यवहार को अस्वीकार्य और गैर-पेशेवर बताया है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, टक्कर में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। हालांकि, भारत ने कहा कि समुद्र में सैन्य इकाइयों को अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए। मंत्रालय ने पाकिस्तानी नौसैनिक पोत के आचरण को अप्रैल 1991 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए समझौते के अनुच्छेद 10 के विपरीत बताया।

भारत ने नई दिल्ली में पाकिस्तानी प्रभारी राजनयिक के सामने अपनी आपत्ति दर्ज कराने के साथ मामला इस्लामाबाद तक पहुंचाने का भी फैसला किया है। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान में तैनात भारतीय प्रभारी राजनयिक को वहां के विदेश मंत्रालय के समक्ष भी कड़ा विरोध दर्ज कराने का निर्देश दिया है।

भारत ने स्पष्ट किया कि दोनों देशों की सैन्य इकाइयों को समुद्री गतिविधियों के दौरान लागू समझौतों और निर्धारित नियमों का पालन करना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सैन्य पोतों को समुद्र में उचित सावधानी बरतना जरूरी है। घटना को लेकर दोनों देशों के बीच कूटनीतिक स्तर पर प्रतिक्रियाएं जारी हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने सीजेपी प्रदर्शन जांच समिति बदलने से किया इनकार



### पुलिस ज्यादती के आरोपों की जांच जारी रहेगी

### पैलेट गन और महिला प्रदर्शनकारियों से दुर्व्यवहार भी दायरे में

### संवेदनशील गवाहों की पहचान रहेगी गोपनीय

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कथित पुलिस ज्यादती और प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा की जांच कर रही पांच सदस्यीय हाई पावर समिति के पुनर्गठन से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने कहा कि समिति के सदस्यों पर लगाए गए आरोप फिलहाल अटकलों और पूर्वधारणाओं पर आधारित हैं। पूर्व शीर्ष अदालत के न्यायाधीश आर. सुभाष रेड्डी की अध्यक्षता में गठित समिति को जांच आगे बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। समिति पैलेट गन के इस्तेमाल, लक्षित हिंसा, महिला प्रदर्शनकारियों के कथित उत्पीड़न तथा प्रदर्शनकारियों और पुलिस की ओर से हुई अत्यधिक हिंसा की जांच करेगी। संपत्ति को हुए नुकसान के मामलों को भी जांच के दायरे में रखा गया है। अदालत ने संवेदनशील गवाहों की सुरक्षा और उनकी पहचान गोपनीय रखने के निर्देश दिए हैं। गवाहों को दस्तावेज और साक्ष्य उपलब्ध कराने के लिए अलग ऑनलाइन पोर्टल बनाने का विकल्प भी सुझाया गया है। याचिकाकर्ताओं ने समिति के एक सदस्य को लेकर हितों के टकराव की आशंका जताते हुए पुनर्गठन की मांग की थी। हालांकि, अदालत ने इसे स्वीकार नहीं किया। पीठ ने कहा कि समिति का गठन सदस्यों के अनुभव, विशेषज्ञता और विविधता को ध्यान में रखकर किया गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता मोनिका गुसैन और सी. सोलोमन अदालत की सहायता के साथ दोनों पक्षों के बीच स्वतंत्र मध्यस्थ की भूमिका निभाएंगे।

# संदिग्ध कोड वाली रिंग के साथ मिला कबूतर, बांग्लादेशी संबंध का शक



### पंजे में लगी धातु की अंगूठी पर 'बीएएन-2026' और 701831 दर्ज

### पुलिस और वन विभाग जांच में जुटे

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ओडिशा के मयूरभंज जिले के कशीपदा गांव में मंगलवार को एक कबूतर संदिग्ध धातु की अंगूठी के साथ मिला। कबूतर के पंजे में लगी अंगूठी पर 'बीएएन-2026' और '701831' लिखा हुआ है। 'बीएएन' लिखे होने के कारण कबूतर के बांग्लादेश से आने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

गांव निवासी हरिश चंद्र पुहान के घर के पास परिवार के लोगों ने कबूतर को देखा। उसके पैर में नीले रंग की धातु की अंगूठी लगी थी। उस पर लिखे अक्षरों और अंकों को देखकर लोगों को संदेह हुआ। हरिश चंद्र के बेटे श्रीकाश पुहान ने कबूतर को पकड़कर बैशिंगा थाने की पुलिस को सौंप दिया।

सूचना मिलने पर बेतनटी के पुलिस उपाधीक्षक मिनती बिस्वाल और बैशिंगा थाना प्रभारी बाबाशंकर सराफ ने कबूतर के पैर में लगी अंगूठी की जांच की। पुलिस और वन विभाग यह पता लगाने में जुटे हैं कि कबूतर कहां से आया और उसके पैर में अंगूठी लगाने का उद्देश्य क्या था।

अधिकारियों के अनुसार, केवल अंगूठी पर 'इअठ' लिखे होने से कबूतर के बांग्लादेश से आने की पुष्टि नहीं की जा सकती। अंगूठी पर दर्ज संख्या के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल कबूतर वन विभाग की निगरानी में है और पूरे मामले की जांच जारी है।

# दिल्ली में डीटीसी चालकों की हड़ताल, बस सेवा चरमराई



### वेतन, चिकित्सा सुविधा और सामाजिक सुरक्षा की मांग पर अड़े चालक, यात्री मेट्रो और टैक्सी के भरोसे

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के अनुबंधित चालकों की हड़ताल से बुधवार को राजधानी में बस सेवा बुरी तरह प्रभावित रही। कई डिपो से बसें नहीं निकलीं, जबकि कुछ मार्गों पर चल रही बसों को भी बीच रास्ते में रोक दिया गया। इससे दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों, विद्यार्थियों और रोज कमाने वाले लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई। यात्रियों को मेट्रो, ऑटो और टैक्सी का सहारा लेना पड़ा।

बुराड़ी, नांगलोई, रेवला खानपुर, जीटीके, नेहरू प्लेस और शादिपुर समेत कई डिपो में चालक एकत्र होकर प्रदर्शन करते रहे। चालकों का कहना है कि लंबे समय से सेवा देने के बावजूद उन्हें कम वेतन के साथ सीमित सुविधाएं मिल रही हैं। वे चिकित्सा सुविधा, सवेतन अवकाश और सामाजिक सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन के अनुसार मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी। यूनियन ने बातचीत के लिए तैयार रहने की बात कही है। दिल्ली सरकार और परिवहन विभाग की ओर से इस संबंध में आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# शव लेकर उफनती नदी में उतरे ग्रामीण, पुल न होने की मजबूरी



### कोरापुट में रस्सी के सहारे तेज बहाव पार कर श्मशान पहुंचे लोग

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ओडिशा के कोरापुट जिले के नंदपुर प्रखंड की राइसिंग पंचायत के देवशण्डगुड़ा गांव में बारिश के बीच ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के लिए जान जोखिम में डालकर उफनती बासुकी नदी पार करनी पड़ी। गांव में नदी पर पुल नहीं होने के कारण यह परेशानी सामने आई। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

गांव की बुजुर्ग महिला पाते खरा की मौत के बाद परिजन और ग्रामीण शव को कंधे पर लेकर नदी में उतर गए। तेज बहाव के बीच सुरक्षित निकलने के लिए नदी के दोनों किनारों पर रस्सी बांधी गई थी। ग्रामीण इसी रस्सी का सहारा लेकर नदी पार करते नजर आए। इसके बाद शव को श्मशान घाट पहुंचाकर अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों के अनुसार, दो दिन के भीतर यह दूसरी घटना है, जब शव को अंतिम संस्कार के लिए बासुकी नदी पार कर ले जाना पड़ा। गांव के लोग लंबे समय से नदी पर पुल बनाने की मांग कर रहे हैं। बारिश के दिनों में जलस्तर बढ़ने से आवागमन और जोखिम भरा हो जाता है। ग्रामीणों ने पुल निर्माण कर स्थायी राहत देने की मांग दोहराई है।

# दुबे का कांग्रेस पर आरोप, हवाना बैठक को लेकर उठाए सवाल



### 2006 मुंबई धमाकों के बाद की नीति की 2025 पहलगाम हमले से तुलना की

### विकीलीक्स दस्तावेजों का भी किया जिक्र

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने 2006 के मुंबई लोकल ट्रेन धमाकों के बाद तत्कालीन यूपीए सरकार की पाकिस्तान नीति पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने 2025 के पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुई सैन्य कार्रवाई से उस समय की सरकार की रणनीति की तुलना की। दुबे ने आरोप लगाया कि तत्कालीन सरकार ने सैन्य कार्रवाई के बजाय पाकिस्तान के साथ बातचीत को प्राथमिकता दी।

दुबे ने 16 सितंबर 2006 को हवाना में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ के बीच हुई मुलाकात का हवाला दिया। उन्होंने दावा किया कि यह पहल अमेरिकी दबाव के बीच हुई थी। हालांकि, ये आरोप भाजपा सांसद के राजनीतिक दावे हैं।

दुबे ने कांग्रेस नेतृत्व पर आरोप लगाया कि उस दौर में पाकिस्तान के साथ बातचीत के दौरान कारगिल, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और सर क्रीक जैसे मुद्दों पर रियायत देने की तैयारी थी। उन्होंने अपने दावे के समर्थन में विकीलीक्स से सामने आए दस्तावेजों और 2006 में अमेरिकी अधिकारियों से जुड़ी बैठकों के रिकॉर्ड का उल्लेख किया।

दुबे ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से 2006 के मुंबई धमाकों और 2025 के पहलगाम हमले के बाद अपनाई गई नीतियों पर जवाब देने को कहा। उन्होंने दोनों घटनाओं के बाद भारत की प्रतिक्रिया और पाकिस्तान के प्रति अपनाई गई रणनीति को लेकर तुलना सामने रखी।

# सेना प्रमुख धीरज सेठ रूस दौरे पर रक्षा सहयोग पर होगी चर्चा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ 16 से 18 सितंबर तक रूस की आधिकारिक यात्रा पर हैं। यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे रक्षा संबंधों और सैन्य सहयोग को मजबूत करना है। मॉस्को में वह रूसी थल सेना के कमांडर-इन-चीफ कर्नल जनरल आंद्रेई मोर्दविचेव से मुलाकात करेंगे। दोनों के बीच सैन्य प्रशिक्षण, पेशेवर सहयोग और साझा हितों से जुड़े मुद्दों पर बातचीत होगी। जनरल धीरज सेठ मॉस्को स्थित राष्ट्रीय रक्षा नियंत्रण केंद्र का दौरा करेंगे। वह रूसी रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे।

# थाने से 50 मीटर दूर दुकान से साढ़े आठ लाख की गुल्लक पार

**यूनिक समय, फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण से महज 50 मीटर दूर परचून की दुकान में चोर नकदी से भरी गुल्लक उठाकर ले गए। गुल्लक में करीब साढ़े आठ से नौ लाख रुपये होने की बात सामने आई है। चोरी की पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बुधवार सुबह करीब नौ बजे दुकानदार सोनू गुप्ता को चोरी की जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।




सीसीटीवी फुटेज में मुंह ढका एक चोर दुकान के अंदर दिखाई दे रहा है। वह नकदी से भरी गुल्लक को उठाकर बोरी में रखने का प्रयास करता है, लेकिन गुल्लक भारी होने के कारण उसे अकेले नहीं उठा पाता। इसके बाद वह गुल्लक को छत पर मौजूद अपने साथी को सौंप देता है। दोनों चोर नकदी से भरी गुल्लक लेकर मौके से फरार हो जाते हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना दक्षिण पुलिस ने दुकान और आसपास के क्षेत्र की जांच की। पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर संदिग्धों की पहचान शुरू कर दी है। जांच के दौरान दुकानदार के नौकर समेत तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

### नौकर समेत तीन हिरासत में, पुलिस खंगाल रही फुटेज

पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चोरी में शामिल लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। साथ ही चोरी गई नकदी की बरामदगी के लिए भी जांच की जा रही है।

थाने से बेहद कम दूरी पर हुई चोरी के बाद स्थानीय व्यापारियों में नाराजगी है। व्यापारियों का कहना है कि थाना परिसर के इतने करीब वारदात होना रात की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने बाजार क्षेत्र में रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## अलीगढ़ में मूर्ति कारोबार पर पड़ रहा हड़ताल का असर



**यूनिक समय, अलीगढ़।** ताला-हार्डवेयर उद्योग से जुड़े अलीगढ़ के मूर्ति कारोबार पर मजदूरों की हड़ताल का असर पड़ रहा है। छीजन को लेकर मजदूरों और कारोबारियों के बीच सहमति नहीं बनने से तीन दिन से मूर्ति निर्माण का काम बंद है। इससे दीपावली के ऑर्डरों और तैयार माल की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है।

मजदूरों की मांग है कि एक किलो धातु पर मिलने वाली 50 ग्राम छीजन की व्यवस्था बरकरार रखी जाए। साथ ही बढ़ती महंगाई और कोयला-सिरे की कीमतों को देखते हुए मजदूरी बढ़ाई जाए। वहीं कारोबारी छीजन को घटाकर 10 ग्राम प्रति किलो करने की मांग कर रहे हैं। मूर्ति कारोबारियों के अनुसार अलीगढ़ में सालाना करीब 500 करोड़ रुपये का कारोबार होता है। यहां बनी पीतल की मूर्तियां देश के विभिन्न राज्यों के अलावा अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर और इंग्लैंड तक भेजी जाती हैं। कारोबारियों का कहना है कि पीतल के बढ़ते दाम के कारण लागत बढ़ी है। मजदूरों का कहना है कि छीजन घटने से उनकी आय प्रभावित होगी। दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है, लेकिन अभी तक समाधान नहीं निकला है।

## बीएसए ने 35 अमान्य स्कूलों पर एक-एक लाख का जुर्माना



**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में बिना मान्यता संचालित हो रहे 35 स्कूलों पर बेसिक शिक्षा विभाग ने कार्रवाई की है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रतन कीर्ति ने प्रत्येक विद्यालय पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि आदेश के बाद भी संचालन जारी रखने पर प्रतिदिन 10 हजार रुपये का अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही प्रबंधक और प्रधानाचार्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई होगी।

विभागीय जांच में बलदेव, चौमुहां, छाता, फरह, गोवर्धन, माठ, नंदगांव, राया और मथुरा नगर क्षेत्र में बिना मान्यता स्कूल संचालित होने की पुष्टि हुई थी। नोटिस जारी करने के बावजूद संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की गई।

### एक सप्ताह में मान्यता लेने या स्कूल बंद करने के दिए निर्देश

### जारी रहा संचालन तो रोजाना 10 हजार रुपये होगा अतिरिक्त जुर्माना

बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अमान्य विद्यालयों का संचालन तत्काल बंद कराया जाए। इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का दाखिला नजदीकी परिषदीय या मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कराने को कहा गया है।

अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर जुर्माना राशि कोषागार में जमा कराने, संबंधित मामलों में प्राथमिकी दर्ज कराने और कार्रवाई की रिपोर्ट बीएसए कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग की कार्रवाई से अमान्य विद्यालय संचालकों में हड़कंप है।



बुधवार सुबह आठ बजे गोवर्धन चौराहे पर गोवर्धन से आने वाले मार्ग पर जाम में फंसे वाहन।

## गोवर्धन चौराहे पर सुबह से वाहनों की कतार, सर्विस रोड भी जाम

**यूनिक समय, मथुरा।** बुधवार सुबह करीब आठ बजे गोवर्धन से मथुरा आने वाले मार्ग पर गोवर्धन चौराहे के पास वाहनों का दबाव बढ़ने से भीषण जाम लग गया। देखते ही देखते चौराहे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। मुख्य मार्ग पर वाहन रेंगते नजर आए। जाम का असर आगरा की ओर जाने वाले सर्विस मार्ग पर भी पड़ा और वहां भी यातायात बाधित हो गया।

सुबह के व्यस्त समय में जाम लगने से कार, बस, ऑटो, ई-रिक्शा, ट्रक और दोपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई। मुख्य मार्ग पर जगह कम होने के कारण दोपहिया वाहन चालक वाहनों के बीच से निकलने का प्रयास करते रहे। इससे कई स्थानों पर यातायात और उलझ गया। सड़क किनारे खड़े वाहन और ठेले भी परेशानी बढ़ाते नजर आए। गोवर्धन चौराहा मथुरा आने-जाने वाले वाहनों के लिए महत्वपूर्ण मार्ग है। गोवर्धन की ओर से आने वाले वाहनों के साथ आगरा की तरफ जाने वाला यातायात भी इसी क्षेत्र से गुजरता है। ऐसे में एक मार्ग पर वाहनों का दबाव बढ़ते ही आसपास के रास्तों पर भी उसका असर दिखाई देता है। बुधवार को भी यही स्थिति बनी।

## ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण, सुरक्षा परखी

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बुधवार को गांव बाद स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। डीएम ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों और अग्निशमन उपकरणों की स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने वेयरहाउस में नियमित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। फायर सेफ्टी उपकरणों का निरीक्षण करते हुए उनकी वैधता अवधि भी जांची। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज खंडेलवाल को निर्देश दिए कि अग्निशमन उपकरणों की समय-समय पर जांच कराई जाए, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उनका उपयोग किया जा सके।

डीएम ने सुरक्षा व्यवस्था में तैनात कर्मियों से भी जानकारी ली और

### डीएम ने सीसीटीवी अग्निशमन उपकरण और सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करने, सतर्कता बनाए रखने और लगातार निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। सीसीटीवी कैमरों के संचालन और रिकॉर्डिंग के सुरक्षित बैकअप की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एडीएम नमामि गंगे नंद प्रकाश मौर्या, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता गुलवीर सिंह के अलावा भाजपा से सुरेश तरकर, सपा से गगन रावत, सोनू ठाकुर और राजीव सिकरवार, बसपा से मुनेंद्र सिंह निगम, रामबाबू गौतम, कांग्रेस से अशोक कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

## मंदिर में पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास

**यूनिक समय, आगरा।** कॉलोनी के मंदिर में पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास के मामले में विशेष पॉक्सो अदालत ने आरोपी पवित्र उर्फ पम्मी को दोषी करार देते हुए सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की पूरी राशि पीड़िता को देने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही उचित प्रतिकर के लिए आदेश की प्रति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।



मामला जगदीशपुरा थाना क्षेत्र का है। अभियोजन के अनुसार, 18 मई 2025 की सुबह करीब नौ बजे पांच वर्षीय बच्ची कॉलोनी स्थित मंदिर में खेल रही थी। इसी दौरान आरोपी ने उसे पकड़ लिया और दुष्कर्म का प्रयास किया। बच्ची किसी तरह उसके चंगुल से छूटकर भागी, लेकिन आरोपी ने उसे दोबारा पकड़ लिया।

बच्ची के शोर मचाने पर मंदिर की सेविका और उसकी दादी मौके पर पहुंचीं। दोनों को आता देखकर आरोपी वहां से भाग गया। घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई थी। पुलिस ने जांच के दौरान फुटेज को डिजिटल साक्ष्य के तौर पर शामिल किया।

घटना के बाद बच्ची के परिजनों की तहरीर पर जगदीशपुरा थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने पीड़िता और उसकी मां समेत आठ गवाह अदालत में पेश किए।

अदालत ने पीड़िता की गवाही के

### आरोपी को सात साल की सजा

### मंदिर में खेल रही बच्ची को दो बार पकड़ा

### आठ गवाहों की गवाही और सीसीटीवी से दोष सिद्ध

साथ सीसीटीवी फुटेज और अन्य डिजिटल साक्ष्यों को भी सुनवाई में महत्वपूर्ण माना। साक्ष्यों के आधार पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सोनिका चौधरी ने आरोपी को दोषी करार दिया। इसके बाद उसे सात वर्ष के कठोर कारावास और 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई।